# तोमर, श्री नरेन्द्र सिंह
**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** दिमनी (7)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री मुंशी सिंह तोमर |
| **जन्म तिथि-** | 12 जून,1957 |
| **जन्म स्थान-** | ग्वालियर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती किरण तोमर |
| **संतान-** | 2 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | स्नातक |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | खेल, सामाजिक कार्य |
| **स्थायी पता-** | आर्य नगर, मुरार, जिला-ग्वालियर (म.प्र.)<br>दूरभाष : (0751) 2368642<br>मोबाइल-9425603838<br>ई-मेल- ns.tomar@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-144/1, प्रोफेसर कालोनी, भोपाल (म.प्र.) 462002 दूरभाष (0755) 2440694, 2440402, 2661366 |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

1974-77 में भारतीय युवा संघ के वार्ड अध्यक्ष. 1977-78 में भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष. 1980 में भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्वालियर के जिला मंत्री. 1980 से बॉक्सिंग एसोसिएशन ग्वालियर एवं दर्पण खेल संस्थान ग्वालियर के निरंतर अध्यक्ष. 1980-84 अध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा, ग्वालियर. 1983-87 पार्षद, नगर निगम, ग्वालियर.

1984-85 प्रदेश मंत्री, म.प्र.भारतीय जनता युवा मोर्चा.1986-90 उपाध्यक्ष, म. प्र. भारतीय जनता युवा मोर्चा. 1991 में केसरिया वाहिनी (एकता यात्रा) मध्यप्रदेश के प्रांतीय संयोजक. 1991-96 अध्यक्ष, म.प्र. भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं 1996-98 में प्रांतीय प्रभारी. 1996 से निरंतर प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश एवं भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर चंबल संभाग के प्रभारी. 1998 में ग्यारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. 2003 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित तथा मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, ग्रामोद्योग, पशुपालन एवं मछली पालन तथा दिनांक 5.12.2005 से 8.2.2007 तक पंचायत एवं ग्रामीण विकास, ग्रामोद्योग, जनसंपर्क रहे. दिनांक 20 नवम्बर, 2006 से मार्च 2010 तक अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, मध्यप्रदेश. जनवरी 2009 से मई 2009 तक सदस्य राज्य सभा. 2009 में पन्द्रहवीं लोक सभा के सदस्य निर्वाचित तथा सदस्य, रसायन एवं उर्वरक संबंधी समिति. मई 2014 में दूसरी बार सोलहवीं लोक सभा के सदस्य निर्वाचित. दिनांक 27 मई, 2014 से 9 नवम्बर 2014 तक मंत्री, खान, इस्पात, श्रम और रोजगार मंत्रालय. दिनांक 9 नवम्बर, 2014 से 5 जुलाई, 2016 तक मंत्री, खान और इस्पात मंत्रालय. दिनांक 5 जुलाई, 2016 से 3 सितम्बर, 2017 तक मंत्री, ग्रामीण विकास एवं भूमि संसाधन, पंचायती राज, पेयजल और स्वच्छता. दिनांक 18 जुलाई, 2017 से 3 सितम्बर,2017 तक मंत्री, आवास और शहरी मामले. दिनांक 3 सितम्बर, 2017 से 25 मई, 2019 तक मंत्री, ग्रामीण विकास एवं भूमि संसाधन, पंचायती राज और खान. दिनांक 13 नवंबर, 2018 से 25 मई, 2019 तक मंत्री, ग्रामीण विकास एवं भूमि संसाधन, पंचायती राज, खान और संसदीय कार्य मंत्रालय. मई 2019 में तीसरी बार सत्रहवीं लोक सभा के सदस्य निर्वाचित. दिनांक 30 मई, 2019 से मंत्री, कृषि और कृषक कल्याण मंत्रालय. दिनांक 30 मई, 2019 से 7 जुलाई, 2021 तक मंत्री, ग्रामीण विकास एवं भूमि संसाधन और पंचायती राज मंत्रालय. दिनांक 18 सितम्बर, 2020 से 7 जुलाई, 2021 तक मंत्री, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय. दिनांक 6 दिसम्बर, 2023 को लोक सभा की सदस्यता से त्याग पत्र.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति** - दिनांक 20 दिसम्बर, 2023 से अध्यक्ष, मध्यप्रदेश विधान सभा.



## अकील, श्री आतिफ आरिफ
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**
**निर्वाचन क्षेत्र-** भोपाल-उत्तर (150)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व.श्री आरिफ अकील |
| **जन्म तिथि-** | 10 जुलाई,1990 |
| **जन्म स्थान-** | भोपाल |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती ऐमन आतिफ अकील |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | स्नातक |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | 54, लक्ष्मी टाकीज रोड, भोपाल (म.प्र.) 462001<br>मोबाइल- 9993166856<br>ई-मेल-atif.aqueel@mpvidhansabha.nic.in |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2011 से इंडियन यूथ कांग्रेस के सदस्य के रूप में कार्य किया.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# अग्रवाल, श्री ऋषि

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** बमोरी (28)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री कन्हैयालाल अग्रवाल |
| **जन्म तिथि-** | 2 जनवरी, 1981 |
| **जन्म स्थान-** | गुना |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती शिल्पा अग्रवाल |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ई. (मैकेनिकल इंजीनियरिंग), एम.टेक. (थर्मल इंजीनियरिंग) मौलाना आजाद नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, भोपाल (म.प्र.) |
| **व्यवसाय-** | कृषि, कन्सट्रक्शन |
| **अभिरुचि-** | ड्रायविंग, सोशल वर्क |
| **स्थायी पता-** | 13/239, रामेश्वरम कॉम्प्लेक्स, सदर बाजार, जिला-गुना (म.प्र.) 473001<br>मोबाइल-9425408345, 7000105453<br>ई-मेल- rishi.agrawal@mpvidhansabha.nic.in<br>rishiagrawal02@gmail.com |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-3, कमरा नं. 4-5-6, भोपाल (म.प्र.) |

## सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

वर्तमान में धार्मिक संस्था रामधाम पुष्कर राजस्थान ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत्.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**अग्रवाल, श्री प्रदीप**

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** सेंवढ़ा (20)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री गुलाब चंद्र अग्रवाल |
| **जन्म तिथि-** | 13 नवम्बर,1968 |
| **जन्म स्थान-** | दतिया |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती सोनम अग्रवाल |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए. |
| **व्यवसाय-** | गैस एजेंसी |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा, जनसेवा, खेल, पर्यटन |
| **स्थायी पता-** | पंडोखर तिराहा, इंदरगढ़,जिला-दतिया (म.प्र.) 475675 मोबाइल-9425118624,7000928091 ई-मेल-pradeep.agarwal@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नवीन पारिवारिक परिसर-अ, कमरा नं. 7, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2006 से निरंतर जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर. सन् 2007 से 2012 तक भा.ज.पा. के कोषाध्यक्ष. सन् 2012 से भाजपा जिला उपाध्यक्ष, सदस्य श्री अग्रसेन महाविद्यालय मऊरानीपुर (उ.प्र.), श्री राधा वल्लभ मंदिर ट्रस्ट के सदस्य. श्री चैतन्य जन चेतना एवं मानव संसाधन विकास समिति के सचिव. सन् 2013 में पहली बार चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# अलावा, डॉ. हिरालाल

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** मनावर (199)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री नानसिंह अलावा |
| **जन्म तिथि-** | 28 मई,1982 |
| **जन्म स्थान-** | कुक्षी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी का नाम-** | श्रीमती जागृति ध्रुव |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.बी.बी.एस., एम.डी. जनरल मेडिसिन, भूतपूर्व असिस्टेन्ट प्रोफेसर, रूमेटोलॉजी विभाग एम्स, नई दिल्ली |
| **व्यवसाय-** | डॉक्टर |
| **अभिरुचि-** | लोक सेवा |
| **स्थायी पता-** | ग्राम भैसलाई,पोस्ट तलवाडा,तह.कुक्षी जिला-धार (म.प्र.) 454331 मोबाइल-8770738312, 9176005288 ई-मेल- hiralal.alawa@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | एफ-108/41, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

जयस के माध्यम से विगत पांच वर्षों में आखिरी पंक्ति में खड़े गरीब, मजदूर, दलित आदिवासी, पिछड़े गरीब सवर्ण किसानों के अधिकारों, बेरोजगार युवाओं, कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए संघर्षरत्. सन् 2018 में पहली बार पन्द्रहवीं विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# अहिरवार, श्री दिलीप

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** चन्दला (49)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री लक्ष्मी प्रसाद अहिरवार |
| **जन्म तिथि-** | 1 जुलाई, 1977 |
| **जन्म स्थान-** | छतरपुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती गीता अहिरवार |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 3 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हायर सेकेण्डरी |
| **व्यवसाय-** | बिजनेस |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा, राजनीति |
| **स्थायी पता-** | टोरिया मोहल्ला, वार्ड नं.6,छतरपुर (म.प्र.) 471001 मोबाइल-9669689222, 9981032033 ई-मेल-dileep.ahirwar@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | सी-14, शिवाजी नगर भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2000 से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्य और 2006 से 2009 तक धर्म जागरण में उत्तरदायित्व निर्वहन. सन् 2009 से 2011 तक जिला महामंत्री, भाजपा अनु. जाति मोर्चा. सन् 2011 से 2016 तक जिलाध्यक्ष भाजपा अनु. जाति मोर्चा. सन् 2016 से 2018 तक प्रदेश महामंत्री भाजपा अनु. जाति मोर्चा. सन् 2018 से 2021 तक जिला महामंत्री भाजपा अनु. जाति मोर्चा (मेन बॉडी). सन् 2021 से जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु. जाति मोर्चा.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति** - राज्यमंत्री, वन एवं पर्यावरण.



# उईके, श्रीमती गंगा सज्जन सिंह

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** घोड़ाडोंगरी (132)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री धीरज धुर्वे |
| **जन्म तिथि-** | 25 मई, 1973 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-जांगड़ा |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पति -** | स्व. श्री सज्जन सिंह |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए., डी.एड. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | संगीत, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में रूचि |
| **स्थायी पता-** | 393/4, एन.एच.-69, मुकाम अड, पोस्ट-भोरा, शाहपुर, जिला-बैतूल (म.प्र.)<br>मोबाइल - 9424968413, 8815443949<br>ई-मेल-ganga.uikey@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नवीन पारिवारिक परिसर, खण्ड-स, कमरा नं.- 8, भोपाल (म.प्र.) |

## सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

शासकीय शिक्षक रहीं. वर्ष 2016 से 2018 तक राज्य महिला आयोग की सदस्य.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## उइके, श्री संजय

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** बैहर (108)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री गणपत सिंह उइके |
| **जन्म तिथि-** | 22 फरवरी,1968 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-भिमजोरी, बालाघाट |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती उर्मिला उइके |
| **संतान-** | 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | खेलकूद |
| **स्थायी पता-** | ग्राम-भिमजोरी, पोस्ट एवं तहसील-बिरसा, जिला-बालाघाट (म.प्र.) 481051 मोबाइल-9425138581 ई-मेल- sanjay.uiekey@mpvidhansabha.nic.in uikey.sanjay07@gmail.com |
| **स्थानीय पता-** | ई-100/20, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.) दूरभाष-(0755) 2572344 |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. विधान सभा की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के कल्याण संबंधी समिति तथा आचरण समिति के सदस्य. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# उइके, श्रीमती संपतिया
**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** मण्डला (107)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री बैनीराम तेकाम |
| **जन्म तिथि-** | 4 सितम्बर,1967 |
| **जन्म स्थान-** | सुरखी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पति -** | स्व. श्री संजय उइके |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 3 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | संगीत, खेल |
| **स्थायी पता-** | ई.ओ.टी.-2, सिविल लाईन, मण्डला,जिला-मण्डला (म.प्र.) मोबाइल-9425163919 ई-मेल- sampatiya.uikey@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-7, 74 बंगले, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

छात्र जीवन से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् से संबद्ध. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की सक्रिय सदस्य रहते हुये जनजातीय लोगों के विकास के लिये कार्य किया. 1990 से 1997 तक सरस्वती शिशु मंदिर आचार्या (दीदी). 1998-2004 तक सरपंच ग्राम टिकरवाड़ा. 2004-2017 तक लगातार तीन बार जिला पंचायत अध्यक्ष मण्डला. मध्यप्रदेश भाजपा महिला मोर्चा, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा तथा अनुसूचित जनजाति विकास परिषद् की राज्य सचिव. आदिवासी जन जागरण समिति मण्डला, आदिवासी आदर्श महिला मण्डल, मण्डला की सभापति.जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मण्डला की

संयोजक. अखिल भारतीय जनजातीय विकास परिषद् नई दिल्ली की आजीवन सदस्य. जिला स्तरीय सर्व शिक्षा अभियान समिति मण्डला की सदस्य. वन अधिकार कानून कार्यक्रम कार्यान्वयन इकाई मण्डला की सदस्य. जिला योजना आयोग मण्डला की सदस्य (विशेष आमंत्रित). केन्द्रीय विद्यालय मण्डला की अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का प्रतिनिधित्व. अपेक्स बैंक की डायरेक्टर. भारतीय जनता पार्टी में मंडल अध्यक्ष. भा.ज.पा. महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष. भा.ज.पा. महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री. भा.ज.पा. अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश मंत्री. भा.ज.पा. की प्रदेश मंत्री एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष. अगस्त 2017 में राज्य सभा सदस्य निर्वाचित तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शासकीय आश्वासन समिति, महिला सशक्तिकरण समिति, केन्द्रीय सिल्क बोर्ड तथा शिक्षा विभाग की परामर्शदात्री समिति की सदस्य रहीं. राज्य सभा में चिकित्सा समिति की डायरेक्टर.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति** - मंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी.



## उईके, श्री निलेश पुसाराम
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**
**निर्वाचन क्षेत्र-** पांढुर्णा (128)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री पुसाराम उईके |
| **जन्म तिथि-** | 1 जनवरी,1988 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम रजोला रैयत |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती कविता उईके |
| **संतान-** | 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | जनसंपर्क, समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | ग्राम रजोला रैयत, पोस्ट मैनी खापा, तह. मोहखेड़, जिला-छिन्दवाड़ा (म.प्र.) 480331<br>मोबाइल-9754749643<br>ई-मेल-nilesh.uikey@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह,खण्ड-2, कमरा नं. 100-101-102, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

जनपद पंचायत उपाध्यक्ष. सन् 2018 में पहली बार पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## उईके, श्री सुनील
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** जुन्नारदेव (122)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री समर सिंग |
| **जन्म तिथि-** | 15 जनवरी,1976 |
| **जन्म स्थान-** | भीमसेन परासिया |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती रीता उईके |
| **संतान-** | 1 पुत्र,1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.काम. |
| **व्यवसाय-** | कृषि/व्यवसाय |
| **अभिरुचि-** | जनसेवा |
| **स्थायी पता-** | वार्ड नं. 2, चिखलमउ रोड, तह.जुन्नारदेव, जिला-छिंदवाड़ा (म.प्र.)<br>मोबाइल-9425899555, 8989489555<br>ई-मेल-sunil.uikey@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | अरिहन्त, एम-541, ई-7, अरेरा कालोनी, 1100 क्वार्टस के पास, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2018 में पहली बार पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# उपाध्याय, श्री पंकज
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** जौरा (4)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री हरिओम उपाध्याय |
| **जन्म तिथि-** | 8 अक्टूबर,1980 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-बरवाई, जिला-मुरैना |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती सीमा उपाध्याय |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.कॉम, एम.ए.(पॉलीटिकल साइंस) एल.एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं उद्योग |
| **अभिरुचि-** | साहित्य, संगीत |
| **स्थायी पता-** | एम.एस. रोड़, जौरा, जिला-मुरैना (म.प्र.) मोबाइल-9826922222 ई-मेल- pankaj.upadhyay@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | डी-13, 74 बंगला, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2003 से एन.एस.यू.आई. कार्यकर्ता. सन् 2008 से 2015 प्रदेश महासचिव, प्रदेश युवा कांग्रेस. सन् 2016 में प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस निर्वाचित.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# कटारे, श्री हेमन्त

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** अटेर (9)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री सत्यदेव कटारे |
| **जन्म तिथि-** | 3 दिसम्बर,1985 |
| **जन्म स्थान-** | भोपाल |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती निशा शर्मा |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ई. (मैकेनिकल), एल.एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | व्यायाम शाला एवं कृषि |
| **अभिरुचि-** | क्रीड़ा (फुटबाल, बैड़मिंटन, तैराकी), संगीत सुनना, भ्रमण करना |
| **स्थायी पता-** | विकास भवन,अग्रवाल कॉलोनी,अटेर रोड, जिला-भिण्ड (म.प्र.) मो. 9977703047, 9977543634 ई-मेल-katarehemant@gmail.com hemant.katare@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | नया पारिवारिक खण्ड-1, कमरा नं. 22, विधायक विश्राम गृह, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

वर्ष 2013-2016 तक बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल की कार्य परिषद् के सदस्य. जनवरी,2014 से अक्टूबर,2016 तक विधायक प्रतिनिधि- 'जे.आर.के.' एवं 'स्पार्टन्स' स्पोर्टस क्लब के अध्यक्ष/संचालक. एस.ओ.एस. बाल ग्राम, एम्स अस्पताल, भोपाल की 'सुखसागर सेवा समिति' तथा हमीदिया अस्पताल, भोपाल के 'प्रेरणा सेवा ट्रस्ट' से संबद्ध. वर्ष 2004 में श्रीलंका में आयोजित जूनियर इंडिया 7-A साइड फुटबाल टूर्नामेंट में कप्तान. अप्रैल, 2017 के उप चुनाव में पहली बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं सदस्य के रूप में दिनांक 3 मई, 2017 को शपथ ग्रहण की.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# श्री कमल नाथ

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** छिन्दवाड़ा (126)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री महेन्द्र नाथ |
| **जन्म तिथि-** | 18 नवम्बर,1946 |
| **जन्म स्थान-** | कानपुर (उत्तर प्रदेश) |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती अलका नाथ |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.कॉम. |
| **व्यवसाय-** | राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता |
| **अभिरुचि-** | जनजातीय और दलित वर्गों का विकास, वन्य जीव, बागवानी और सामाजिक-आर्थिक मुद्दों में रूचि |
| **स्थायी पता-** | मकान नं.1, ग्राम शिकारपुर, ब्लॉक एवं तहसील मोहखेड़, थाना देहात परतला, जिला-छिंदवाड़ा (म.प्र.) 480001 |
| **स्थानीय पता-** | बी-9, श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.) (0755) 2661234, मोबाईल 7162242233, 98100220330 |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

1980 में सातवीं, 1985 में आठवीं,1989 में नौवीं, 1991 में दसवीं, 1998 में बारहवीं, 1999 में तेरहवीं, 2004 में चौदहवीं, 2009 में पन्द्रहवीं तथा 2014 में सोलहवीं लोक सभा के सदस्य निर्वाचित. 1991-1995 केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पर्यावरण एवं वन, 1995-1996 केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वस्त्र, दिनांक 23 मई, 2004 से 2009 तक केन्द्रीय मंत्री वाणिज्य एवं उद्योग, 2009 से 18 जनवरी 2011 तक केन्द्रीय मंत्री सड़क परिवहन और राजमार्ग, दिनांक 19 जनवरी 2011 से 26 मई,

2014 तक केन्द्रीय मंत्री शहरी विकास, दिनांक 28 अक्टूबर, 2012 से 26 मई, 2014 तक केन्द्रीय मंत्री संसदीय कार्य रहे. 2001-2004 महासचिव,भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस. दिनांक 4 से 6 जून 2014 तक सामयिक अध्यक्ष लोक सभा. 1998 से 1999 तक सदस्य-पेट्रोलियम और रसायन संबंधी स्थायी समिति, संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना संबंधी समिति, परामर्शदात्री समिति, विद्युत मंत्रालय. 1999 से 2000 तक सदस्य, वित्त संबंधी स्थायी समिति, 2000-2004 तक सदस्य, परामर्शदात्री समिति, खान और खनिज मंत्रालय, 1 सितम्बर, 2014 से सदस्य, वाणिज्य संबंधी स्थायी समिति, परामर्शदात्री समिति वित्त और कार्पोरेट कार्य मंत्रालय. सदस्य - (एक) कलकत्ता क्रिकेट और फुटबाल क्लब (दो) टॉलीगंज क्लब कलकत्ता और (तीन) दिल्ली फ्लाइंग क्लब और एक्स-चीफ पेट्रन, दिल्ली जिला क्रिकेट संघ. सदस्य - (एक) संयुक्त राष्ट्र गए भारतीय शिष्टमंडल, 1982,1983 (दो) गुटनिरपेक्ष देशों का सम्मेलन, 1983 और (तीन) आई.पी.यू. सम्मेलन, निकारागुआ, 1987, ग्वाटेमाला, 1988 और साइप्रस, 1990. सदस्य भारतीय संसदीय शिष्टमंडल, (एक) टोक्यों, 1989 (दो) साइप्रस और (तीन) युनाइटेड किंगडम, 1990. नेता, भारतीय शिष्टमंडल दसवां विश्व वानिकी सम्मेलन पेरिस. 1991 युएनईपी शासी परिषद, नैरोबी प्रेपकाम-चार पर विचार विमर्श, न्यूयार्क और क्वालालमपुर सम्मेलन, 1992 नई दिल्ली में दक्षेस पर्यावरण मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी और जून, 1992 में रियो-डी-जेनेरों में आयोजित यूएनसीईडी में विकासशील देशों के मुख्य वक्ता. फिनलैण्ड, स्वीडन, जर्मनी, जापान, सिंगापुर, दुबई और यू.के. तथा यूएनसीटीएडी और यूएनईपी राष्ट्रीय शिष्टमंडलों के साथ वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम की दाबोस और स्विट्जरलैंड में आयोजित बैठकों में भारतीय दल का नेतृत्व किया. विश्व के विभिन्न भागों में आयोजित विश्व व्यापार संगठन की तथा इससे संबंधित मंत्रीय/लघुमंत्रीय स्तर की अन्य बैठकों में सम्मिलित. अध्यक्ष - (एक) शासी बोर्ड, इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद, (दो) लाजपतराय स्मारक महाविद्यालय समिति गाजियाबाद, चैयरमेन, सेंटर फॉर एडवांस्ड एजुकेशन, नागपुर और निदेशक मंडल, हडकों, संरक्षक, (एक) राष्ट्रीय कोयला, खान मजदूर फेडरेशन और (दो) भारत युवक समाज, पुरस्कृत, (एक) एफडीआई पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर अवार्ड, 2007, (दो) राष्ट्रीय कोयला खान मजदूर फेडरेशन और (तीन) भारत युवक समाज. 1968 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल. महासचिव भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सदस्य कांग्रेस कार्य समिति, सितंबर 2002-जुलाई 2004. दिनांक 25 अप्रैल,

2018 से अध्यक्ष, म.प्र. कांग्रेस कमेटी. आपकी इंडियास एनवायरनमेंटलकन्सर्स, इंडियास सेंचुरी और भारत की शताब्दी नामक पुस्तकें प्रकाशित. अप्रैल, 2019 के उप चुनाव में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित एवं सदस्य के रूप में दिनांक 10 जून, 2019 को शपथ ग्रहण की. दिनांक 17 दिसंबर, 2018 से 20 मार्च, 2020 तक मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन. दिनांक 19 अगस्त, 2020 से 29 अप्रैल, 2022 तक नेता प्रतिपक्ष, मध्यप्रदेश विधान सभा.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# करहि, श्री राजकुमार

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** लांजी (109)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री साधु पटेल करहि |
| **जन्म तिथि-** | 7 जून, 1977 |
| **जन्म स्थान-** | लांजी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती अंजू महिमेहरो करहि |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए. , एल.एल.बी., एम.ए. (राजनैतिक) |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं व्यापार |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | वार्ड नंबर-12, ग्राम-लांजी, तहसील-लांजी,जिला-बालाघाट (म.प्र.) मोबाइल- 9425448405, 8319975867 ई-मेल- rajkumar.karahe@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-3, कमरा नं. 48-49, 86 भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

एकता विद्यार्थी परिषद् का विलय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् में 15 जुलाई, 1996 में भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष बने. सन् 2004 से 2009 तक सांसद प्रतिनिधि. सन् 1999 से 2005 तक युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष. जनवरी 2005 में जिला पंचायत सदस्य बने एवं 22 अगस्त, 2005 को भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष. जनवरी, 2010 में जनपद पंचायत के अध्यक्ष. 2011 में शासकीय कला महाविद्यालय लांजी के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष. सन् 2011 से 2014 तक किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## कंषाना, श्री एदल सिंह

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** सुमावली (5)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री होतम सिंह कंषाना |
| **जन्म तिथि-** | 1 जनवरी,1958 |
| **जन्म स्थान** | नायकपुरा, मुरैना |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती सरस्वती सिंह |
| **संतान-** | 2 पुत्र, 4 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हाई स्कूल |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं ट्रांसपोर्ट |
| **अभिरुचि-** | कुश्ती, कबड्डी, समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | नायकपुरा, हरीसिंह का पुरा, जिला मुरैना (म.प्र.) 476001 दूरभाष-(07532) 225000<br>मोबाइल-9425126871, 7697016681<br>ई-मेल-adal.kansana@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-3, श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सरपंच ग्राम पंचायत नायकपुरा मुरैना. जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं कृषि उपज मंडी समिति के संचालक. 1993 में दसवीं, 1998 में ग्यारहवीं तथा 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. ग्यारहवीं विधान सभा अवधि में राज्यमंत्री ग्रामीण विकास विभाग रहे. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित तथा दिनांक 10 मार्च, 2020 को सदस्यता से त्यागपत्र. दिनांक 2 जुलाई, 2020 को मंत्री पद की शपथ एवं

मंत्री,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रहे तथा 11 नवम्बर,2020 को मंत्री पद से त्याग पत्र. सन् 2021 से म.प्र. स्टेट एग्रो कार्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा).

सन् 2023 में पांचवीं बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति** - मंत्री, किसान कल्याण एवं कृषि विकास.



# काश्यप, श्री चेतन्य कुमार
## भारतीय जनता पार्टी
**निर्वाचन क्षेत्र-** रतलाम सिटी (220)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री अशोक कुमार जी काश्यप |
| **जन्म तिथि-** | 16 जनवरी, 1959 |
| **जन्म स्थान-** | इंदौर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती नीता कुमारी काश्यप |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.कॉम. (सेकेण्ड ईयर) |
| **व्यवसाय-** | उद्योग |
| **अभिरुचि-** | लेखन व पत्रकारिता |
| **स्थायी पता-** | वीसाजी मेन्शन, महात्मा गांधी मार्ग, जिला-रतलाम (म.प्र) 457001 दूरभाष-(07412) 250250 मोबाइल-9818840123 ई-मेल - chetanya.kasyap@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-8, सिविल लाईन, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2005 से लगातार छ: वर्षो तक भा.ज.पा. की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य. सन् 2006, 2009 से 2013 तक राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य. सन् 2006 में वरिष्ठ नेता श्री लालकृष्ण आडवाणी की भारत सुरक्षा यात्रा के मीडिया प्रभारी एवं म.प्र. लोक सभा तथा विधान सभा क्षेत्र प्रदेश परिसीमन संयोजक. सन् 2008-2010 में भा.ज.पा. के रचनात्मक कार्य एवं स्वयं सेवी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक. सन् 2010-2015 तक लगातार दो बार मध्यप्रदेश भा.ज.पा. के कोषाध्यक्ष. सन् 2010 में इंदौर में

सम्पन्न भा.ज.पा. के राष्ट्रीय अधिवेशन में अन्त्योदय प्रदर्शनी के संयोजक. सन् 2012 में कानपुर महानगर विधान सभा चुनाव के प्रभारी. 2014 में रतलाम झाबुआ संसदीय क्षेत्र के चुनाव संयोजक. चेतन्य काश्यप फाउन्डेशन के माध्यम से रतलाम में अहिंसा ग्राम स्थापित कर शहर के 100 अभावग्रस्त गरीब परिवारों को नि:शुल्क आवास उपलब्ध कराया. उनकी आजीविका, रोजगार प्रशिक्षण, शिक्षा और स्वास्थ्य की उततम व्यवस्था कर उनके समग्र विकास के कार्य किये. कोरोना काल में लगभग 2.50 करोड की लागत से ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना एवं कन्संट्रेटर आयात किये जिस कारण मालवा-निमाड़ क्षेत्र के हजारों लोग लाभान्वित हुए. फाउण्डेशन के माध्यम से वर्ष 2018 में रतलाम को कुपोषण से मुक्त करने का अभियान प्रारंभ किया. 2700 कुपोषित बच्चों को पोषण आहार का वितरण किया परिणामस्वरूप 2000 बच्चें कुपोषण से मुक्त हुए शेष 700 बच्चों को पोषण आहार का वितरण जारी है. खेल चेतना मेला - स्कूली स्तर पर खेल भावना जागृत करने हेतु पिछ्ले 25 वर्षों से रतलाम, मंदसौर एवं नीमच जिले में 16 स्थानों पर प्रतिवर्ष खेल चेतना मेलों का आयोजन. इसके तहत् स्कूली स्तर पर शासकीय और अशासकीय स्कूलों के कक्षा बारहवीं तक के छात्र/छात्राओं के लिए अंर्तविद्यालयीन खेलकूद स्पर्धाएं आयोजित होती है जिसमें प्रतिवर्ष लगभग साठ हजार बच्चों की सहभागिता. प्रतिभा सम्मान- कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को 10 वर्षो से प्रतिवर्ष सम्मानित कर शील्ड के साथ प्रमाण पत्रों का वितरण. प्रतिवर्ष 2000 छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया जाता है. वर्ष 2004 में बार्सीलोना की विश्व धर्म संसद में जैन प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व कर "अपरिग्रह दर्शन" पर शोध पत्र प्रस्तुत किया. वर्ल्ड जैन कान्फेडरेशन के चेयरमेन.जैन इंटरनेशन ट्रेड आर्गनाईजेशन (जीतो) के संस्थापक निदेशक. अखिल भारतीय त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ के राष्ट्रीय परामर्शदाता व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष. जयंतसेन म्यूजियम, श्री मोहनखेडा तीर्थ, श्री स्वर्ण गिरि तीर्थ जालौर (राजस्थान) के संरक्षक. डॉ. के.एन.काटजू विधि महाविद्यालय रतलाम के अध्यक्ष. वर्ष 2004-2009 में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आई.आई.एम.) इंदौर की कार्यकारिणी के सदस्य. भारतीय भाषायी समाचार पत्र संगठन (इलना) के पूर्व महासचिव. 2009-2010 में इण्डियन न्यूज पेपर सोसायटी (आई.एन.एस.) की कार्यकारिणी के सदस्य. राष्ट्रीय विचारधारा के प्रति समर्पित इंडिया फर्स्ट फाउण्डेशन दिल्ली के ट्रस्टी और इस फाउण्डेशन की मासिक पत्रिका चिरंतन

भारत (हिन्दी) एवं इंटरनल इंडिया (अंग्रेजी) का प्रकाशन लंबे समय तक किया. देश में प्रोत्साहित करने और खेलों के विकास के लिए कार्य करने वाली संस्था क्रीडा भारती के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष. सन् 2013 में पहली बार चौदहवीं विधानसभा के सदस्य निर्वाचित. 2016-2018 में मध्यप्रदेश राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष. विधायक के रूप में प्राप्त होने वाले व्यक्तिगत वेतन भत्तों व पेंशन का प्रदेश के विकास एवं जनहित के कार्यों के लिए समर्पण. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति** - मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम.



**कुशवाह, श्री कैलाश**
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**
**निर्वाचन क्षेत्र-** पोहरी (24)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री बालमुकुन्द कुशवाह |
| **जन्म तिथि-** | 22 सितम्बर, 1978 |
| **जन्म स्थान-** | शिवपुरी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती रजनी कुशवाह |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बारहवीं |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं व्यापार |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा एवं क्रिकेट खेलना |
| **स्थायी पता-** | ग्वालियर बायपास, 11 नं. कोठी के पीछे, शिवपुरी (म.प्र.) 473551<br>मोबाइल-9111465651, 9425765651 ई-मेल- kailash.kushwah@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड 1,कमरा नं. 47,48,49 भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

प्रदेश उपाध्यक्ष, मध्यप्रदेश कुशवाह समाज. पूर्व में मण्डी उपाध्यक्ष शिवपुरी.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## कुशवाह, श्री नरेन्द्र सिंह

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** भिण्ड (10)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री महाराज सिंह कुशवाह |
| **जन्म तिथि-** | 15 मई, 1960 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम हवलदार सिंह का पुरा, पोस्ट नुन्हाटा, जिला-भिण्ड |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती मिथलेश कुशवाह |
| **संतान-** | 2 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हाई स्कूल, हायर सेकेण्ड्री, बी.ए. प्रथम वर्ष |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | यदुनाथ नगर, डायवर्सन रोड, जिला-भिण्ड (म.प्र.) 477001 मोबाइल-9826315286 ई-मेल- kushwahnarendrasingh135@gmail.com ns.kushwah@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | डी-1/3, प्रोफेसर कालोनी, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2003 में बारहवीं तथा सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## कुशवाह, श्री नारायण सिंह
**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** ग्वालियर-दक्षिण (17)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री परमानंद कुशवाह |
| **जन्म तिथि-** | 9 जून,1956 |
| **जन्म स्थान-** | ग्वालियर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती धनवंती देवी कुशवाह |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 3 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हायर सेकेण्ड्री |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं व्यापार |
| **अभिरुचि-** | सत्साहित्य अध्ययन, गरीबों की सेवा, कृषि, बागवानी |
| **स्थायी पता-** | हारकोटासीर, तारागंज, लश्कर, जिला-ग्वालियर (म.प्र.) दूरभाष (0751) 2338528 मोबाइल-9425115528 ई-मेल- narayan.kushwah@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-11, चार इमली, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

1994-1999 में नगर निगम ग्वालियर के पार्षद. भा.ज.पा. पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री. भा.ज.पा. जिला-ग्वालियर की कार्यकारिणी के सदस्य. अखिल भारतीय कुशवाह महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष तथा वर्तमान में राष्ट्रीय अध्यक्ष. सेवा सहकारी संस्था मर्यादित गिरवाई, ग्वालियर के अध्यक्ष, थोक सब्जी व्यापार संघ, ग्वालियर के अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश फल सब्जी विक्रेता संघ के उपाध्यक्ष. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं राज्यमंत्री समाज कल्याण,

पशुपालन, गौ-संवर्द्धन बोर्ड, सामाजिक न्याय, वन, राजस्व, धार्मिक न्यास और धर्मस्व, पुनर्वास रहे. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं राज्य मंत्री, परिवहन, जेल, गृह रहे. सन् 2013 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में चौथी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति -** मंत्री, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण,उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण.

# कुशवाहा, श्री सिद्धार्थ सुखलाल



**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** सतना (63)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व.श्री सुखलाल कुशवाहा |
| **जन्म तिथि-** | 10 अक्टूबर,1984 |
| **जन्म स्थान-** | सतना |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती प्रीती कुशवाहा |
| **संतान-** | 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | खेलकूद |
| **स्थायी पता-** | वार्ड नं. 14, फुले सदन, शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज के पास, नई बस्ती, जिला-सतना (म.प्र.)<br>मोबाइल-9303355888<br>ई-मेल-siddharth.k@mpvidhansabha.nic.in<br>kushwaha.siddharth4050@gmail.com. |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नवीन पारिवारिक परिसर-स, कमरा नं. 6, भोपाल |

## सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

2010-2015 में उद्योग समिति के सभापति, जिला पंचायत सदस्य. अराजनैतिक संस्था अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद् के प्रांताध्यक्ष. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# कोल, श्री शरद जुगलाल

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** ब्योहारी (83)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री जुगलाल कोल |
| **जन्म तिथि-** | 5 अगस्त,1990 |
| **जन्म स्थान-** | टिहकी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी का नाम-** | श्रीमती गीता कोल |
| **संतान** | 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | वार्ड नं.9, सिविल कालोनी,ब्यौहारी, जिला-शहडोल (म.प्र.)<br>मोबाइल-8109386588, 9770364166 ई-मेल-kolsarad.juglal@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-3, कमरा नं.7-8-9, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता. प्रदेश उपाध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ म.प्र. कोल समाज सेवा संघ. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## खटीक, श्रीमती उमादेवी
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र- हटा** (57)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री मोतीलाल खटीक |
| **जन्म तिथि-** | 11 मार्च,1962 |
| **जन्म स्थान-** | जबलपुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्री लालचंद खटीक |
| **संतान-** | 2 पुत्र, 3 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए. |
| **व्यवसाय-** | पूर्व शिक्षक |
| **अभिरुचि-** | सामाजिक कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण |
| **स्थायी पता-** | जवाहर वार्ड, हटा जिला-दमोह (म.प्र.) दूरभाष (07604) 262381 मो. -9981477027 ई-मेल umadevi.khateek@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नवीन पारिवारिक परिसर खण्ड-2, कमरा नं. 7 भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

श्री गायत्री शक्ति पीठ हटा से संबद्ध एवं प्रज्ञा मण्डल प्रमुख. चौबीस वर्ष (1984-2008) तक शासकीय शिक्षक. त्याग पत्र देकर राजनीति में प्रवेश. शासकीय कर्मचारी संघ की सदस्य. महिला समन्वयक के रूप में बालिका एवं महिला शिक्षा का प्रभार. सन् 2008 में तेरहवीं तथा सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## खटीक, श्री रमेश प्रसाद
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** करैरा (23)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री बाबूलाल खटीक |
| **जन्म तिथि-** | 15 अगस्त, 1957 |
| **जन्म स्थान-** | निजामपुर, जिला-शिवपुरी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती मीरा देवी |
| **संतान-** | 4 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हायर सेकेण्डरी |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | वार्ड क्र.-4,निजामपुर,नगर परिषद मगरौनी, तहसील-नरवर,जिला-शिवपुरी (म.प्र.) 473865 मोबाइल-9893823639 ई-मेल- ramesh.khatik@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवारिक खंड-1, कमरा नं. 24, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1980 में भा.ज.पा. निजामपुर के महामंत्री. सन् 1985 में भा.ज.पा. मंडल नरवर के सदस्य. सन् 1992 में राष्ट्रीय स्वयं सेवक अशोक नगर से प्रथम वर्ष. सन् 1992 में जनपद नरवर में अंत्योदय जनपद अध्यक्ष, भा.ज.पा. के प्रदेश प्रतिनिधि एवं सन् 1992 तथा 2000 में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष. सन् 2000 में जिला पंचायत सदस्य एवं पार्टी के प्रदेश प्रतिनिधि. 2000-2003 में सांसद प्रतिनिधि. पार्टी के आंदोलनों में भागीदारी. सामूहिक विवाह सम्मेलनों एवं नेत्र शिविरों का आयोजन. सन् 2008 में पहली बार तेरहवीं विधान सभा के

सदस्य निर्वाचित. सन् 2017 में राज्य स्तरीय अंत्योदय समिति सदस्य. सन् 2022 में उपाध्यक्ष, म.प्र. अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम (राज्य मंत्री दर्जा).

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# खटीक, श्री हरिशंकर

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** जतारा (44)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री भगवान दास खटीक |
| **जन्म तिथि-** | 10 दिसम्बर,1968 |
| **जन्म स्थान-** | पुराना बाजार पलेरा, जिला-टीकमगढ़ |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती विन्देश्वरी खटीक |
| **संतान-** | 3 पुत्र,1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | जनता की सेवा एवं क्षेत्र, प्रदेश का विकास कराना, समाज सेवा, देश भक्ति एवं धार्मिक कार्य |
| **स्थायी पता-** | (1) कुंड पहाड़ी, हनुमान जी मंदिर के सामने, मेन रोड, जतारा, जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.) (2)पुराना बाजार,पलेरा,जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.) मोबाइल-9977460784, 9425027984 ई-मेल harishankar.k@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | 3, रोजविला, ग्रीन मिडोज कालोनी, भोपाल |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

1984 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य एवं 1994 तक इसके ब्लॉक एवं जिला सह संयोजक तथा छात्र राजनीति में सक्रिय. 1994-1996 में भारतीय जनता युवा मोर्चा ब्लॉक पलेरा के अध्यक्ष. 1996-1998 में भा.ज.पा. जिला अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री. 1998-1999 तक भा.ज.पा. की जिला कार्य समिति के सदस्य. 1999-2004 में नगर पंचायत पलेरा के अध्यक्ष. 2002-2004 में भा.ज.पा. टीकमगढ़ के जिला

उपाध्यक्ष. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं विधान सभा की प्राक्कलन, आश्वासन एवं सरकारी उपक्रम समिति के सदस्य. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं राज्यमंत्री आदिम जाति और अनुसूचित जाति कल्याण तथा विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ कल्याण विभाग रहे. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में चौथी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# खण्डेलवाल, श्री हेमन्त विजय

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** बैतूल (131)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री विजय कुमार खण्डेलवाल |
| **जन्म तिथि-** | 3 सितम्बर, 1964 |
| **जन्म स्थान-** | मथुरा |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती रीतू खण्डेलवाल |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.कॉम., एल.एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | ऑटोमोबाइल एवं उद्योग |
| **अभिरुचि-** | कृषि, समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | मोती वार्ड,कोठी बाजार, लस्करे चिकित्सालय के बाजू में, बैतूलगंज, जिला-बैतूल (म.प्र.)460001<br>दूरभाष-(07141) 236539 मो.- 9425002539<br>ई-मेल- hemantkhandelwal64@gmail.com<br>hv.khandelwal@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | ब्लाक डी,लीला हाईट्स, प्रोफेसर कोलोनी,भोपाल |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2007 से 2008 तक लोक सभा सदस्य. सन् 2010 से 2013 तक भाजपा जिलाध्यक्ष बैतूल. सन् 2013 में पहली बार चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. विधान सभा की सदस्य सुविधा समिति के सभापति रहे. सन् 2014 से 2018 तक भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष. माननीय श्री कुशाभाऊ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति** - प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी

# खत्री, श्री विष्णु

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** बैरसिया (149)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री धन्नालाल खत्री |
| **जन्म तिथि-** | 5 फरवरी,1972 |
| **जन्म स्थान-** | भोपाल |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती बिन्दु खत्री |
| **संतान-** | 3 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए., एल-एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | वकालत |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा, क्रिकेट, बेडमिंटन |
| **स्थायी पता-** | म.नं.- 149, ओमशिव नगर, लालघाटी, जिला-भोपाल (म.प्र.) 462030 दूरभाष-(0755) 2660603 मोबाइल- 9425005041 ई-मेल-vishnu.khatri@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नवीन पारिवारिक परिसर ब, कमरा नं. 4, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

1998 से 2000 तक मण्डल रेल उपभोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य. 2001 से 2003 तक जोनल रेल उपभोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य. 1999 से 2004 तक वार्ड क्र.11 एवं 2004 से 2009 तक पार्षद वार्ड क्र. 9 नगर निगम भोपाल. दिसम्बर 2003 से दिसम्बर 2013 तक

उपाध्यक्ष भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल. 2006 से भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड के उपाध्यक्ष. 2006 से 2008 तक प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश युवा संगठन खटीक समाज. 1989 से 1992 तक श्री राम जन्म भूमि आंदोलन में सक्रिय भागीदारी. 2000 से 2002 तक प्रदेश मंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश. 2003 से 2005 तक जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी जिला भोपाल. 2007 से 2009 तक विशेष आमंत्रित सदस्य, भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश. 2011 से 2013 तक प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा मध्यप्रदेश. सन् 2013 में चौदहवीं तथा 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# गहरवार, श्री सुरेन्द्र सिंह

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** चित्रकूट (61)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री जगन्नाथ सिंह |
| **जन्म तिथि-** | 1 जनवरी,1954 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-हिनौता, जिला-सतना |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती पुष्पराज सिंह |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए., एल-एल.बी., डी.एल.एल. |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं व्यवसाय |
| **अभिरुचि-** | शिक्षा, वन संरक्षण एवं पर्यावरण, कृषि एवं पशुपालन, हार्टीकल्चर, जल संवर्धन एवं सामाजिक वानिकी |
| **स्थायी पता-** | एम.आई.जी. 417, भरहुत नगर, सतना (म.प्र.) मोबाइल- 9425810341 ई-मेल- surendrasingh@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवारिक खण्ड-1, कमरा नं. 8, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

मध्यप्रदेश साहित्य परिषद सतना, चिन्मय मिशन सतना एवं 1990 से वर्तमान तक गीतम सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था से संबद्ध. 1990-2000 में भारतीय किसान संघ जिला-सतना के संगठन मंत्री. 1993-1995 में भा.ज.पा. के जिला मंत्री 2000-2002 में भा.ज.पा. किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य. 2000-2003 में जिला सरकार की कई समितियों के

अध्यक्ष. 2000-2005 में जिला पंचायत सतना के सदस्य, उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष. 2000-2005 एवं 2006-2008 में जिला योजना समिति सतना के सदस्य. जिला शिक्षा समिति सतना के अध्यक्ष. 2006-2008 में भा.ज.पा. जिला सतना के अध्यक्ष. सन् 2008 में प्रथम बार तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## गुर्जर, श्री दिनेश
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**
**निर्वाचन क्षेत्र-** मुरैना (6)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री अमरसिंह छावरी |
| **जन्म तिथि-** | 6 जून,1969 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-नगरा, जिला-मुरैना |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती ज्योति छावरी |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | 12वीं |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | खेल, समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | 753, जूनियर एम.आई.जी. पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, तहसील व जिला-मुरैना (म.प्र.)<br>मोबाइल-9479327189<br>ई-मेल- dinesh.gurjar@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवारिक खण्ड-1, कमरा नं.-3, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## गुर्जर, श्री साहब सिंह

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** ग्वालियर ग्रामीण (14)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री लज्जाराम सिंह |
| **जन्म तिथि-** | 10 जुलाई, 1971 |
| **जन्म स्थान-** | ग्वालियर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती ज्योति गुर्जर |
| **संतान-** | 2 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | जन सेवा |
| **स्थायी पता-** | ओदपुर, महलगांव अलकापुरी सिटी सेक्टर, गिर्द, जिला-ग्वालियर (म.प्र.) मोबाइल-9009400899 ई-मेल- sahab.gurjar@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-3, कमरा नं. 44-45, एवं 90 भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2014 में जिला पंचायत सदस्य रहे.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## गेहलोत, श्री माधव सिंह



**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** आगर (166)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री पीरालाल गहलोत |
| **जन्म तिथि-** | 15 अक्टूबर,1974 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-जलवाय, जिला-धार |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती सुनीता गहलोत |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बारहवीं पास |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | वार्ड नं.-5, आगर-मालवा, उज्जैन-कोटा,टोल टैक्स के पास, आगर-मालवा (म.प्र.) मोबाइल-9575815001,9 479975532 ई-मेल madhav.gehlot@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-2, कमरा नं. 24-25 एवं 97, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



**ग्रेवाल, श्री प्रताप**
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**
**निर्वाचन क्षेत्र-** सरदारपुर (196)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री चम्पालाल ग्रेवाल |
| **जन्म तिथि-** | 11 अप्रैल,1967 |
| **जन्म स्थान-** | सरदारपुर, जिला-धार |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती शोभा ग्रेवाल, श्रीमती सुनीता ग्रेवाल |
| **संतान-** | 2 पुत्र,1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए., एल-एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | एडव्होकेट, कृषि |
| **अभिरुचि-** | क्रिकेट |
| **स्थायी पता-** | भोपवर रोड, शब्बरी कन्या आश्रम परिसर, पोस्ट-सरदारपुर, जिला-धार (म.प्र.) 454111 मो.-9425047157, 9893773377 ई-मेल- pratap.grewal@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवारिक खण्ड-ब, कमरा नं. 2, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

1983 में विद्यालयीन छात्र संघ के अध्यक्ष. 1999-2002 में नगर पंचायत सरदारपुर के अध्यक्ष. 1999-2005 में आदिवासी विकास परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष. सन् 2008 में तेरहवीं तथा सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## गौड़, श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** इन्दौर-4 (207)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री एम. आर. खत्री |
| **जन्म तिथि-** | 19 जून,1961 |
| **जन्म स्थान-** | झाबुआ |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पति-** | स्व. श्री लक्ष्मण सिंह गौड़ |
| **संतान-** | 3 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | स्नातक |
| **अभिरुचि-** | किताबें पढ़ना, पुराने गीत सुनना |
| **स्थायी पता-** | 8/1, लोधीपुरा, जिला-इन्दौर (म.प्र.) दूरभाष-(0731) 2343999 मोबाइल-9425059859 ई-मेल-malini.gour@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवारिक खण्ड-1, कमरा नं.1, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

2008 से म.प्र. बेसबाल एसोसिएशन एवं हिन्दू रक्षक संगठन इंदौर की संरक्षक. इंदौर जिला तैराकी संघ की अध्यक्ष. एन.सी.सी. में सी.एस.एम. के पद पर कार्य. दो वर्ष तक घुड़सवारी का प्रशिक्षण. सन् 2008 में तेरहवीं तथा 2013 में चौदहवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित. भा.ज.पा. महिला मोर्चा प्रदेश कार्य समिति की सदस्य. वर्ष 2015 से फरवरी, 2020 तक महापौर, नगर निगम इन्दौर. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में चौथी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.




# गौतम, श्री गिरीश

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** देवतालाब (72)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री तीरथ प्रसाद गौतम |
| **जन्म तिथि-** | 28 मार्च, 1953 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम करौंदी, जिला-रीवा (म.प्र.) |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती ललिता गौतम |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.एस.सी., एल.एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | अध्ययन, खेल, सामाजिक कार्य |
| **स्थायी पता-** | (1) ग्राम-करौंदी, पो.-डेल्ही वाया मनगवां, जिला-रीवा (2) मोहल्ला उर्रहट, जिला-रीवा (म.प्र.) मोबाइल-9425332915,8770530346 ई-मेल-girish.gautam@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-31, 74 बंगला, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

1972 से छात्र राजनीति में सक्रिय. 1977 से लगातार कृषकों एवं श्रमिकों के लिए संघर्ष. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. लोक लेखा, महिला एवं बाल कल्याण, अ.जा., अ.ज.जा. तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति के सदस्य. माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं गृह, विमानन तथा शिक्षा विभाग की सलाहकार समितियों के सदस्य. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. प्राक्कलन समिति, विशेषाधिकार समिति, सार्वजनिक उपक्रम समिति के सभापति एवं लोक

लेखा,अ.जा.,अ.ज.जा. तथा पिछड़े वर्ग के कल्याण एवं महिलाओं और बालकों के कल्याण संबंधी समिति के सदस्य. सन् 2011 में भारतीय संसदीय संघ के तत्वावधान में आयोजित विदेश अध्ययन दौरे में यूनाईटेड किंगडम, फ्रांस, ग्रीस, स्पेन, आस्ट्रिया, जर्मनी, स्विट्जरलैण्ड, नीदरलैण्ड एवं यूनाईटेड अरब अमीरात का अध्ययन दौरा किया. सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. 2014-2015 में सदस्य, लोक लेखा समिति, 2015-2018 में सभापति प्राक्कलन समिति, 2017-2018 में विशेष आमंत्रित सदस्य लोक लेखा समिति. जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर की प्रबंध सभा के सदस्य. 2016 में उत्तर मध्य रेल्वे परामर्शदात्री समिति के सदस्य. देवतालाब एवं नईगढ़ी महाविद्यालयों की जनभागीदारी समिति के सदस्य. शिक्षा से संबंधित परामर्शदात्री समितियों के सदस्य रहे. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. दिनांक 22 फरवरी, 2021 से 14 दिसम्बर 2023 तक अध्यक्ष,मध्यप्रदेश विधान सभा रहे. सन् 2022 में 65वें राष्ट्रकूल संसदीय सम्मेलन में भाग लेने हेतु हेलीफेक्स (नोवा स्कॉशिया) कनाडा एवं सन् 2023 में 66वें राष्ट्रकूल संसदीय सम्मेलन के अवसर पर प्री-कॉन्फ्रेंस टूर के रूप में कम्बोडिया, सिंगापुर देशों का प्रवास.

सन् 2023 में पांचवीं बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# गौर, श्रीमती चन्दा सुरेन्द्र सिंह
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** खरगापुर (47)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री वीरसिंह |
| **जन्म तिथि-** | 1 मई, 1960 |
| **जन्म स्थान-** | सरानी, जिला-छतरपुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पति -** | श्री सुरेन्द्र सिंह गौर |
| **संतान-** | 2 पुत्र,1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हायर सेकेण्डरी |
| **व्यवसाय-** | कुशल गृहणी |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | ग्राम-बम्होरी अब्दा, पो.टानंगा, तहसील-जतारा, जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)<br>मोबाइल-9425881103, 7697148716<br>ई-मेल-chandagour@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नवीन पारिवारिक परिसर, खण्ड-2, कमरा नं. 6, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2013 में पहली बार चौदहवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**गौर, श्रीमती कृष्णा**
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** गोविन्दपुरा (154)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व.श्री नारायण सिंह यादव |
| **जन्म तिथि-** | 26 सितम्बर,1968 |
| **जन्म स्थान-** | इंदौर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पति-** | स्व.श्री पुरूषोत्तम गौर |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | स्नातक (विज्ञान), एम.ए (भूगोल) |
| **व्यवसाय-** | व्यापार |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा, राजनीति |
| **स्थायी पता-** | बी-6 (74 बंगले) स्वामी दयानंद नगर, भोपाल (म.प्र.) मोबाइल-9893121578, 8959999338 ई-मेल-krishna.gaur@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-6 (74 बंगले) स्वामी दयानंद नगर, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

कॉलेज सचिव (छात्र प्रतिनिधि). कोषाध्यक्ष, लायन्स क्लब सेंचुरी. 2003 में भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्य. 2005 में मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम की अध्यक्ष तथा अल्प अवधि में स्वेच्छा से त्याग पत्र. 2009 में नगर पालिका निगम भोपाल की महापौर एवं कार्यकाल के दौरान विशेष उपलब्धियां एवं अवार्ड प्राप्त किये. यूरोप, चीन, जापान, आस्ट्रेलिया एवं बैंकाक की यात्रा. यादव समाज की प्रदेश उपाध्यक्ष. अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य. अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा भा.ज.पा. की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष. बिहार प्रदेश का प्रभार. सन् 2018 में पहली बार पन्द्रहवीं विधान

सभा की सदस्य निर्वाचित. 5 वर्ष के कार्यकाल में तीन पुरस्कार से सम्मानित. प्रथम फ्रेम इंडिया एशिया पोस्ट के माध्यम से शानदार विधायक. द्वितीय पुरस्कार चैम्पियन आफ चैस एवं तृतीय पुरस्कार कमांडेबल प्रैक्टिस ऑफ कान्टीट्एंसी पुरस्कार.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति** - राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु कल्याण.

## घनघोरिया, श्री लखन

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** जबलपुर पूर्व (97)




| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री शिवलाल घनघोरिया |
| **जन्म तिथि-** | 1 मार्च,1959 |
| **जन्म स्थान-** | जबलपुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती कृष्णा घनघोरिया |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.एस-सी., एल-एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | ठेकेदारी |
| **अभिरुचि-** | अध्ययन एवं समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | 416, (नया जवाहरगंज वार्ड), मोतीलाल नेहरू वार्ड (सराफा), जिला-जबलपुर (म.प्र.)<br>फैक्स-(0761) 2653355, मोबाईल-9425168711<br>ई-मेल-lakhan.g@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | ई-2, 45 बंगला, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1980 में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर छात्र संघ सचिव एवं मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष. 1991 से 1992 तक 360 गोत्रीय खटीक समाज मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष. जबलपुर क्लब के सदस्य. म.प्र. कांग्रेस कमेटी में प्रदेश प्रतिनिधि. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. सन् 2008 से निरंतर सदस्य अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं 2010 में उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. दिनांक 29 दिसम्बर, 2018 से 20 मार्च,2020 तक मंत्री, सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग रहें.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## चतुर्वेदी, श्री श्रीकान्त

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** मैहर (65)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री मदन बिहारी चतुर्वेदी |
| **जन्म तिथि-** | 2 जनवरी,1964 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-बदेरा, जिला मैहर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती अंजना चतुर्वेदी |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | ग्यारहवीं |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | अध्ययन, समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | बल्लभ नगर, सतना मार्ग,मैहर जिला-मैहर (म.प्र.) मोबाइल- 9111872960,9425172960, 9993077182<br>ई-मेल-shrikant.c@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | (1) ई-137/1, प्रोफेसर कॉलोनी, भोपाल (म.प्र.)<br>(2) बंगला नंबर-50, गोल्डन सिटी, होशंगाबाद रोड, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1994, 1999 एवं 2004 में तीन बार लगातार जनपद सदस्य रहे. सन् 2021 से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## चन्द्रवंशी, श्री घनश्याम
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** कालापीपल (169)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री राधेश्याम चन्द्रवंशी |
| **जन्म तिथि-** | 9 मई,1984 |
| **जन्म स्थान-** | भैंसायागढ़ा |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए. (राजनीति विज्ञान) |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | 200, खाती समाज बस्ती, ग्राम भैंसायागढ़ा, तहसील-कालापीपल, जिला-शाजापुर (म.प्र.) मोबाइल- 9893410506,9754018888 ई-मेल-ghanshyam.c@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-2, कमरा नं. 67-68, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में विभाग संयोजक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य. अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत में प्रांत संगठन मंत्री एवं क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री. क्षेत्र के 150 गांवों में 01 घण्टे में 21 करोड़ ऊँ नम: शिवाय मंत्र का जाप करवाकर विश्व रिकार्ड बनाकर ओ.एम.जी. बुक में नाम दर्ज. साइबर क्राईम के संबंध में 35 हजार बच्चों को जागरूक किया.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## चिटनिस, श्रीमती अर्चना
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र- बुरहानपुर** (180)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. प्रो. बृजमोहन मिश्रा |
| **जन्म तिथि-** | 20 अप्रैल,1964 |
| **जन्म स्थान-** | पटियाला |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पति-** | स्व. श्री समीर चिटनिस |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.एस-सी. (प्राणी शास्त्र), बी.एड. |
| **व्यवसाय-** | कृषि, व्यापार |
| **अभिरुचि-** | साहित्य, दर्शन, इतिहास, अध्ययन और लेखन में गहरी अभिरूचि. पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा प्रतिपादित "एकात्म मानववाद" की अध्येता और अपने सार्वजनिक जीवन में इस दर्शन की प्रयोगकर्ता. जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण, प्राकृतिक कृषि, पशुपालन, पर्यावरण सुरक्षा, पोषण संस्कृति और ग्राम विकास में विशेष रुचि और इन क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय. |
| **स्थायी पता-** | द्वारिकापुरी रेल्वे स्टेशन रोड, जिला-बुरहानपुर (म.प्र.) दूरभाष (07325) 254848-49 मोबाइल-9826070504.ई-मेल-archana.chitnis@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | सी-28, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. प्रो. बृजमोहन मिश्रा और

माता स्वर्गीय श्रीमती शुक्लादेवी मिश्र, पंजाब विश्वविद्यालय से एम.ए. (गोल्ड मेडलिस्ट) की ज्येष्ठ संतान. पति, स्वर्गीय श्री समीर चिटनिस, नगर निगम इंदौर के एम.आई.सी. सदस्य और तीन बार पार्षद. वर्ष 1984 में महाविद्यालयीन शिक्षा के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की छात्रा प्रमुख. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की यू.एन.आर. रहीं। शिक्षा पूर्ण करने के उपरांत भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्य रहीं. नगरमंत्री, इंदौर नगर भाजपा महिला मोर्चा. प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा. प्रदेश संयोजक, भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ. राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा. वर्तमान में प्रदेश प्रवक्ता, भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश. वर्ष 2003 में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की ओर नेपानगर विधानसभा क्षेत्र से सदस्य निर्वाचित. वर्ष 2004-2005 में मंत्री, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, पशुपालन एवं गौ संवर्धन रहीं. वर्ष 2008 एवं वर्ष 2013 में भारतीय जनता पार्टी की ओर बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र से क्रमश: दूसरी एवं तीसरी बार सदस्य निर्वाचित. वर्ष 2008-2009 में मंत्री, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा व तकनीकी शिक्षा तथा जून 2016 में मंत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग रहीं. मध्यप्रदेश शासन में मंत्रित्व कार्यकाल में अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन व नवाचार किये. गाँव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए बीमा योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना का क्रियान्वयन.महिलाओं और किशोरियों में रक्ताल्पता को समाप्त करने के लिए लालिमा अभियान प्रारंभ किया, जिसमें स्थानीय फल, सब्जियों और खाद्य सामग्री के समुचित उपयोग पर जोर दिया गया. प्रधानमंत्रीजी की मंशानुरूप मिलेट्स (मोटा अनाज) और हरी चटनी को महिलाओं के भोजन में शामिल करने के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम चलाया. सुरजना (मुनगा) फल्ली के पौधे का प्रदेश स्तर पर आंगनवाड़ियों के माध्यम से वितरण और रोपण कराया. पशुपालन एवं गौ संवर्धन विभाग अंतर्गत 2005 में नंदी शाला योजना प्रारंभ कराई. माननीय उच्चतम न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर म.प्र. शासन की ओर से गौवंश हत्या एवं परिवहन पर अपना पक्ष रखा, जिसके फलस्वरूप गौवंश की हत्या पर दंड हेतु निर्णय पारित हुआ. मध्यप्रदेश आर.टी.ई. के अंतर्गत निजी शालाओं में प्रवेशित कक्षा की सीट पर शुल्क का भुगतान राज्य सरकार द्वारा करने वाला देश का पहला राज्य बना. महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान की स्थापना. विद्यालयों में प्रतिभा पर्व, कर्तव्य पर्व, वन संस्कार जैसे

नवाचारों का क्रियान्वयन. उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए प्रदेश के प्रत्येक महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर कॉउंसलिंग की शुरुआत की, जिससे छात्रों को पर्याप्त मार्गदर्शन मिला. स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर शासकीय विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन. परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को होने वाले मानसिक तनाव एवं अवसाद से बचाने हेतु काउन्सिलिंग की हेल्पलाइन सेवा की व्यवस्था. ताप्ती नदी पर मेगा रिचार्ज स्कीम को दीर्घकाल के सघन प्रयासों से मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र सरकार द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति दिलाकर केंद्र सरकार से योजना की स्वीकृति और क्रियान्वयन प्रारंभ कराया. वर्ष 1998 में कॉमनवेल्थ नेशन फॉर एन्वायरमेंट एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट, सिंगापुर में भारत का प्रतिनिधित्व किया. वर्ष 2011-2012 में भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा कम्युनिटी कॉलेज के नियम निर्धारण तथा अध्ययन हेतु संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय दल का नेतृत्व किया. वर्ष 2017 में कृषि आधारित पोषण के अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में जकार्ता, इंडोनेशिया में मध्यप्रदेश के महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व. वर्ष 2018 में संयुक्त राष्ट्र के UN WOMEN द्वारा संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय न्यूयार्क में आयोजित महिला सम्मेलन में मध्यप्रदेश के महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व. केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के अभियान में सक्रिय भूमिका. केंद्र व राज्य सरकार के माध्यम से अपने क्षेत्र व जिले के सर्वांगीण विकास के अतिरिक्त, विभिन्न सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में सक्रियता. जल संरक्षण व संवर्धन के लिए पिछले 12 वर्षों से "जल संस्कार" की गतिविधियां जिसमें जन सहयोग से छोटी-छोटी जल संरचनाओं का निर्माण हो रहा है. "पानी करेंगे खर्च कम, पर कमाएंगे भरपूर" अभियान के अंतर्गत किसानों को कम पानी की फसल लेने के लिए परंपरागत व आधुनिक तकनीकी जानकारी व प्रशिक्षण.  स्थानीय व परंपरागत भोजन के माध्यम से बेहतर पोषण संबंधित जनजागरण अभियानों का संचालन. पानी एप के माध्यम से स्थानीय जल संरचनाओं की मेपिंग व उनके संरक्षण के उपायों पर कार्य. भारत सरकार की वर्तमान में प्रचलित नगर वन योजना की अवधारणा के 15 वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए बुरहानपुर के निकट ग्राम झिरी में "संस्कार वन" की स्थापना व विकास.बुरहानपुर के ग्राम धामनगांव में माँ वाघेश्वरी पर्वत को हरियाली से आच्छादित करके वर्ष 2010 से प्रत्येक चैत्र

नवरात्रि में ग्राम विकास, कृषि व पशुपालन की गतिविधियों के रचनात्मक कार्यक्रमों पर केंद्रित 7 दिवसीय वाघेश्वरी मेले का आयोजन. बुरहानपुर के ग्राम बम्भाड़ा में वन विभाग के सहयोग से वहाँ की कैलाश पर्वत सहित अन्य ऊसर पहाड़ियों पर सघन वन विकास का कार्य. भारतीय संस्कृति और अपने गौरवशाली इतिहास का परिचय समाज से कराने एवं युवा पीढ़ी को सुसंस्कारित करने के लिये जाणता राजा, देवी अहिल्याबाई होल्कर, चाणक्य, तथागत, मराठी बाणा जैसे कई राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों का आयोजन. बुरहानपुर की लुप्तप्रायः 400 वर्ष पुरानी सांस्कृतिक धरोहर, ताप्ती नदी के तट पर लगने वाले तीन दिवसीय श्री बालाजी मेले को 2011 से पुनर्जीवित कर वहाँ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सतत् आयोजन. गुरु गोविंद सिंह जी की 350वीं जयंती पर भारत सरकार द्वारा किए जाने वाले आयोजनों में गुरु जी के ऐतिहासिक बुरहानपुर प्रवास को रेखांकित करते हुए बुरहानपुर में उनकी स्मृति में गुरू गोविन्द सिंह संग्रहालय की स्थापना जो वर्तमान में निर्माणाधीन है.

सन् 2023 में चौथी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## चौधरी, डॉ. प्रभुराम
**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** सांची (142)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री बालमुकन्द चौधरी |
| **जन्म तिथि-** | 15 जुलाई,1958 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम माला, जिला-रायसेन |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती डॉ. नीरा चौधरी |
| **संतान-** | 2 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.बी.बी.एस. |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं व्यापार |
| **अभिरुचि-** | खेल, समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | एच.आई.जी. - ए/4, विद्या नगर, होशंगाबाद रोड़, भोपाल. (म.प्र.) मोबाइल-9425493693 ई-मेल-prabhuram.c@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-25, (74 बंगले) भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

गांधी मेडीकल कॉलेज भोपाल के गेम्स एवं स्पोर्टस सेक्रेटरी एवं बॉलीबाल टीम के कैप्टन. 1985 में आठवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं 1989 में संसदीय सचिव. 1991 में म.प्र. कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी के सदस्य. 1996 में संयुक्त सचिव एवं 1998 में महामंत्री. 1994 में म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग के संयोजक एवं 1994 से लगातार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य. सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक रायसेन के सदस्य. 2004 में जिला पंचायत रायसेन के सदस्य. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. अखिल

भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं उपाध्यक्ष, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी. सन् 2018 में तीसरी बार इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. दिनांक 29 दिसम्बर, 2018 से 13 मार्च, 2020 तक मंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग रहे. दिनांक 10 मार्च, 2020 को सदस्यता से त्याग पत्र. दिनांक 2 जुलाई, 2020 को मंत्री पद की शपथ. नवम्बर 2020 के उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से सदस्य निर्वाचित. चौथी बार सदस्य के रूप में दिनांक 28 दिसम्बर, 2020 को शपथ ग्रहण की तथा मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग रहे.

सन् 2023 में पांचवीं बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## चौधरी, श्री मनोज नारायण सिंह

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-**हाटपिपल्या (172)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री नारायण सिंह चौधरी |
| **जन्म तिथि-** | 21 सितम्बर,1975 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम केलोद, देवास |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती निर्मला चौधरी |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए., एल.एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं व्यापार |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | डी-2/14 आवास नगर, देवास, जिला-देवास (म.प्र.) 455001<br>मोबाइल-9329545451, 9859077777 ई-मेल-manoj.choudhary@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवरिक खण्ड-2, कमरा नं.12, भोपाल |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

देवास जिले की विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं से संबद्ध. सन् 2018 में पहली बार इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. दिनांक 10 मार्च, 2020 को सदस्यता से त्यागपत्र. नवम्बर, 2020 के उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से सदस्य निर्वाचित. दूसरी बार सदस्य के रूप में दिनांक 28 दिसम्बर, 2020 को शपथ ग्रहण की.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# चौरे, श्री विजय रेवनाथ
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**
**निर्वाचन क्षेत्र-** सौंसर (125)




| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री रेवनाथ चौरे |
| **जन्म तिथि-** | 2 दिसम्बर,1971 |
| **जन्म स्थान-** | रिधोरा |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती प्रतिभा चौरे |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए.स्नातक |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | बागवानी, गौ सेवा एवं समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | वसुंधरा लॉन, बेल गॉव नाका, सौंसर, जिला-पांढुरना (म.प्र.)दूरभाष (07165)221122 मोबाइल-9752126003, 9424778872 ई-मेल-vijay.chore@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह,खण्ड-3,कमरा नं.1-2 - 3, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

2000-2005 में जनपद सदस्य, कृषि समिति के सभापति. युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौंसर. सांसद प्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष विधान सभा. शक्ति एवं प्रभारी क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौंसर. रेवनाथ चौरे सेवा संस्थान के अध्यक्ष. कुष्ठ रोगों के निवारण के लिए कार्य. सन् 2018 में पहली बार पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## चौहान, डॉ. तेजबहादुर सिंह
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** नागदा-खाचरोद (212)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री नौबत सिंह चौहान |
| **जन्म तिथि-** | 2 नवम्बर,1967 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-राघवी, तहसील-महिदपुर, जिला-उज्जैन |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती रेखा कुंवर |
| **संतान-** | 2 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | डी.एच.एम.एस. |
| **व्यवसाय-** | चिकित्सा |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा, स्पोर्ट्स |
| **स्थायी पता-** | चिकित्सालय मार्ग गली नं.-1, नागदा जंक्शन, जिला-उज्जैन (म.प्र.) मोबाइल- 9827213901,9424893020 ई-मेल- tejbahadur.c@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह,खण्ड-2/22-23 एवं अतिरिक्त कक्ष खण्ड 2/95, भोपाल (म.प्र.) |

### सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

सन् 2000 से 2004 भारतीय जनता पार्टी से नागदा नगर पालिका में पार्षद पद पर निर्चाचित.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# चौहान, श्री नागर सिंह

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** आलीराजपुर (191)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री भुवान सिंह चौहान |
| **जन्म तिथि-** | 2 अगस्त, 1978 |
| **जन्म स्थान-** | आलीराजपुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती अनिता चौहान |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए. स्नातक |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | धार्मिक एवं सामाजिक कार्य |
| **स्थायी पता-** | रामसिंह की चौकी, चौहान कृषि फार्म, जिला-आलीराजपुर (म.प्र.) 457887 मोबाइल- 9425104067 ई-मेल-nagar.chouhan@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-12बी, 74 बंगले, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

जिला उपाध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला झाबुआ. प्रदेश कार्य समिति सदस्य, भारतीय जनता युवा मोर्चा. सन् 2003 में बारहवीं, सन् 2008 में तेरहवीं तथा सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् जिला-आलीराजपुर. प्रदेश मंत्री, भारतीय जनता पार्टी. प्रदेश प्रवक्ता, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति. प्रदेश उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा. प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी.

सन् 2023 में चौथी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित. मंत्री, वन पर्यावरण एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग रहे.

**सम्प्रति -** मंत्री, अनुसूचित जाति कल्याण.



# चौहान, श्री महेन्द्र केशर सिंह

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** भैंसदेही (133)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री केशर सिंह चौहान |
| **जन्म तिथि-** | 2 जुलाई,1972 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-कुण्डबकाजन जिला-बैतूल |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती सपना चौहान |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | 8वीं |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | खेलकूद |
| **स्थायी पता-** | 81 ग्राम-कुण्डबकाजन, पोस्ट आदर्श धनोरा, तहसील भीमपुर, जिला-बैतूल (म.प्र.) 460330<br>मोबाइल- 9926730908<br>ई-मेल-mks.chouhan@mpvidhansabha.nic.in |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

1995-96 से लगातार जिला सहकारी बैंक बैतूल के संचालक. सन् 1998 में ग्यारहवीं, सन्  2003 में बारहवीं तथा सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में चौथी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## चौहान, श्री शिवराज सिंह
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-**बुधनी (156)




| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री प्रेम सिंह चौहान |
| **जन्म तिथि-** | 5 मार्च,1959 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-जैत, जिला-सीहोर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती साधना सिंह चौहान |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | संगीत, आध्यात्मिक साहित्य, भ्रमण |
| **स्थायी पता-** | ग्राम जैत, तह.-बुधनी, जिला-सीहोर (म.प्र.) मोबाइल-9425011102 ई-मेल-shivraj.chouhan@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-8, (74 बंगले) लिंक रोड नं.1, भोपाल(म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

1972 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक. 1975 में मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विद्यार्थी संघ के अध्यक्ष. आपातकाल के विरूद्ध भूमिगत आंदोलन में भाग लिया और 1976 में भोपाल जेल में तथा अन्य अवसरों पर राजनैतिक आंदोलनों के दौरान निरूद्ध रहे. 1977-78 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भोपाल के संगठन सचिव, 1978-80 में ए.बी.वी.पी. मध्यप्रदेश के संयुक्त सचिव एवं 1980-82 में इसके प्रदेश मंत्री. 1982-83 में ए.बी.वी.पी. की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य. 1984-85 में भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के संयुक्त सचिव, 1985-88 में

महासचिव एवं 1988-91 में इसके अध्यक्ष. 1990 में नौवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं 23 नवंबर, 1991 को सदस्यता से त्याग पत्र. 1991 में दसवीं लोक सभा के सदस्य निर्वाचित. 1991-92 में अखिल भारतीय केसरिया वाहिनी के संयोजक. 1992 से अखिल भारतीय जनता युवा मोर्चा के महासचिव. 1992-94 में भा.ज.पा. मध्यप्रदेश के महासचिव. 1992-96 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति, 1993-96 में श्रम और कल्याण संबंधी समिति, 1994-96 में हिन्दी सलाहकार समिति एवं 1995-96 में सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति संबंधी समिति के सदस्य. 1996 में ग्यारहवीं लोक सभा के सदस्य निर्वाचित. 1996-97 में शहरी और ग्रामीण विकास संबंधी समिति एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य. 1997-98 में शहरी और ग्रामीण विकास संबंधी समिति के सदस्य और भा.ज.पा. मध्यप्रदेश के महासचिव. 1998 में बारहवीं लोक सभा के सदस्य निर्वाचित. 1998-99 में प्राक्कलन समिति, शहरी और ग्रामीण विकास संबंधी समिति, ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय संबंधी इसकी उप समिति-दो एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य. 1999 में तेरहवीं लोक सभा के सदस्य निर्वाचित. 1999-2000 में कृषि संबंधी समिति, 1999-2000 और 2000-2001 में सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति एवं 2000 से संचार मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य. 2002 में भा.ज.पा. के राष्ट्रीय सचिव. 2003 में भा.ज.पा. के राष्ट्रीय महासचिव. 2004 में चौदहवीं लोक सभा के सदस्य (पांचवीं बार) निर्वाचित. मई, 2005 से भा.ज.पा. मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष. 29 नवंबर, 2005 को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री की शपथ ग्रहण की. 6 मई, 2006 को उपचुनाव में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. 10 मई, 2006 को लोक सभा की सदस्यता से त्यागपत्र. विधान सभा सदस्य के रूप में 12 मई, 2006 को शपथ ग्रहण की. 10 दिसम्बर, 2008 तक मुख्यमंत्री रहे. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं 12 दिसंबर, 2008 से 10 दिसंबर, 2013 तक मुख्यमंत्री रहे. सन् 2013 में चौथी बार बुधनी तथा विदिशा दो विधान सभा क्षेत्रों से सदस्य निर्वाचित. दिनांक 19 दिसम्बर, 2013 को विदिशा सीट से त्यागपत्र. दिनांक 14.12.2013 से 12.12.2018 तक मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. दिनांक 23 मार्च

2020 से 11 दिसम्बर 2023 तक मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश. सन् 2023 में छटवीं बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित. दिनांक 4 जून 2024 को छटवीं बार 18वीं लोक सभा के सदस्य निर्वाचित. दिनांक 9 जून 2024 को केन्द्र सरकार में मंत्री पद की शपथ. दिनांक 18 जून 2024 को विधान सभा की सदस्यता से त्याग पत्र.

**सम्प्रति** - मंत्री, कृषि एवं कृषक कल्याण तथा ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार.



## जन्डेल, श्री बाबू
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**
**निर्वाचन क्षेत्र-** श्योपुर (1)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री रामचन्द्र पटेल |
| **जन्म तिथि-** | 30 जून, 1965 |
| **जन्म स्थान-** | सोंठवा, जिला-श्योपुर (म.प्र.) |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती रामसिया बाई |
| **संतान-** | 2 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | 10वीं |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | सर्वसमाज सेवा एवं जनता के कार्य के लिए सतत् कार्यशील |
| **स्थायी पता-** | ग्राम सोंठवा, तहसील एवं जिला-श्योपुर (म.प्र.)<br>मोबाइल-7067689008, 9425128072<br>ई-मेल-babu.jandel@mpvidhansabha.nic.in<br>ई-मेल-jandelvidhayak123@gmail.com |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1994 में ग्राम पंचायत सोंठवा के सरपंच. 2004-2009 में जिला पंचायत अध्यक्ष श्योपुर. सन् 2018 में पहली बार पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## जायसवाल, श्री दिलीप
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** कोतमा (86)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री सुद्धूलाल जायसवाल |
| **जन्म तिथि-** | 3 सितम्बर, 1961 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-बिजुरी, जिला-अनूपपुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती अर्चना जायसवाल |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए. प्रथम वर्ष |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | मु.पो.-बिजुरी, वार्ड नं.-10, सरस्वती स्कूल के पीछे, तहसील-कोतमा, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)<br>मोबाइल- 9425583327, 7089083327<br>ई-मेल-dilip.jaiswal@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-2, चार इमली, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

क्षेत्रीय विकास संघर्ष समिति के माध्यम से जन आंदोलनों का नेतृत्व. एथलेटिक्स एसोसिएशन जिला-शहडोल के अध्यक्ष. बारह वर्ष तक सरस्वती शिशु मंदिर के व्यवस्थापक व एकल विद्यालय जिला-शहडोल के कोषाध्यक्ष. वर्ष 1981 में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता. सन् 2008 में प्रथम बार तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति-** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कुटीर एवं ग्रामोद्योग.



# जायसवाल, श्री संदीप श्रीप्रसाद

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** मुड़वारा (93)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्रीयुत् श्रीप्रसाद जायसवाल |
| **जन्म तिथि-** | 1 अगस्त,1964 |
| **जन्म स्थान-** | कटनी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती स्मिता जायसवाल |
| **संतान-** | 1 पुत्र,1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.कॉम, एल-एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | वकालत |
| **अभिरुचि-** | खेलकूद, समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | द्वारा : जायसवाल मेडिकल, गुरूनानक वार्ड, कटनी (म.प्र.) मोबाइल - 9752001111, 7834010101 ई-मेलsandip.jaiswal@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवारिक खण्ड-2, कमरा नं. 21, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1982 में शासकीय तिलक कालेज छात्र संघ के सचिव. सन् 1994-1999 में नगर निगम कटनी के पार्षद एवं 1999 में छह माह तक महापौर. सन् 2000-2005 में नगर निगम कटनी के पार्षद एवं 2005-2009 में पुन: महापौर (निर्दलीय). लगातार चौथी बार म.प्र. ओलम्पिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष. पूर्व में जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष. सन् 2013 में चौदहवीं एवं सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## जैन, श्री अनिल
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** निवाड़ी (46)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री बाबू लाल जैन |
| **जन्म तिथि-** | 2 फरवरी,1966 |
| **जन्म स्थान-** | बिनवारा |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती निरंजना जैन |
| **संतान-** | 1 पुत्र,1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | साक्षर |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | राजनीति, समाजसेवा, पत्र-पत्रिकायें पढ़ना |
| **स्थायी पता-** | पुरानी सब्जी मण्डी, निवाड़ी, जिला-निवाड़ी (म.प्र)<br>मोबाइल-9893921867, 7354206666<br>ई-मेल-anil.jain@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | एफ-2 आर, 4/1, प्रोफेसर कॉलोनी, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1982 में भा.ज.पा. के भारत बंद आंदोलन में सात दिन की जेल यात्रा. जनवरी 2005 से जनवरी 2010 तक जनपद पंचायत निवाड़ी के अध्यक्ष. शासकीय महाविद्यालय निवाड़ी की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष. युवा मोर्चा निवाड़ी के नगर अध्यक्ष. युवा मोर्चा टीकमगढ़ के जिला उपाध्यक्ष. भा.ज.पा. निवाड़ी के दो बार मण्डल अध्यक्ष. भारतीय जनता पार्टी जिला टीकमगढ़ की कार्यसमिति के सदस्य. पंडित दीनदयाल अन्त्योदय समिति विकासखण्ड निवाड़ी के अध्यक्ष. कृषि मंच विकासखण्ड निवाड़ी के अध्यक्ष. स्कालर्स जागृति संस्थान निवाड़ी के अध्यक्ष. भा.ज.पा. मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रतिनिधि. सन् 2013 में चौदहवीं तथा सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



**जैन, श्री अनिल**
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** उज्जैन-उत्तर (216)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री शैतानमल जैन |
| **जन्म तिथि-** | 10 अगस्त, 1964 |
| **जन्म स्थान-** | कालूहेडा |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती सीमा जैन |
| **संतान-** | 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.एस.सी., एम.एस.सी. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | खेल |
| **स्थायी पता-** | 59, दशहरा मैदान, उज्जैन (म.प्र.)<br>मोबाइल- 9827228494<br>ई-मेल- aniljain@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवारिक खण्ड-1, कमरा नं. 18, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## जैन, श्री दिनेश (बोस)

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** महिदपुर (213)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री मांगीलाल जी जैन |
| **जन्म तिथि-** | 30 सितम्बर, 1966 |
| **जन्म स्थान-** | महिदपुर रोड |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती मधु जैन |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.एस.सी.टेक |
| **व्यवसाय-** | वेस्ट मेनेजमेंट |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा एवं खेलकूद |
| **स्थायी पता-** | 186/2, मेन रोड, महिदपुर रोड, जिला-उज्जैन (म.प्र.) 456440<br>मोबाइल-7898364422,9425915590<br>ई-मेल- dinesh.jain@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-3, कमरा नं. 14-15 भोपाल (म.प्र.) |

### सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

पूर्व जिला पंचायत सदस्य महिदपुर, जिला-उज्जैन. सचिव, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# जैन, श्री देवेन्द्र कुमार

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** शिवपुरी (25)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री बचनलाल जैन |
| **जन्म तिथि-** | 5 जनवरी,1953 |
| **जन्म स्थान-** | कोलारस, जिला-शिवपुरी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती पदमा जैन |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 4 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.कॉम. |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं व्यापार |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा, वृक्षारोपण, खेल |
| **स्थायी पता-** | महल कालोनी, जिला-शिवपुरी (म.प्र.) मोबाइल-9425136700, 9755884100 ई-मेल- devendra.jain@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | ई-115/16, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

1974-2005 में लायंस क्लब शिवपुरी के सदस्य. मंगलम संस्था के संरक्षक सदस्य और उपाध्यक्ष. चैम्बर ऑफ कामर्स ग्वालियर के सदस्य. जैन मिलन, रेडक्रास आदि संस्थाओं में सक्रिय भागीदारी. पार्टी के विभिन्न आंदोलनों में भागीदारी. भारतीय जनसंघ, विद्यार्थी परिषद के विभिन्न पदों पर कार्य. 1980-1985 में जिला युवा मोर्चा, शिवपुरी के उपाध्यक्ष. 1985-1993 में दो बार भा.ज.पा. जिला शिवपुरी के कोषाध्यक्ष. नागरिक सहकारी बैंक शिवपुरी के संचालक व उपाध्यक्ष. 1983 में नगर पालिका परिषद

शिवपुरी के पार्षद एवं वित्त समिति के अध्यक्ष. 1990-1992 में शिवपुरी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष. 1993 में दसवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं सदन तथा अन्य समितियों के सदस्य. 2006 में भा.ज.पा. जिला शिवपुरी के अध्यक्ष. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# जैन, श्री विपीन

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** मंदसौर (224)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री सुभाष चन्द्र जैन |
| **जन्म तिथि-** | 8 जुलाई,1975 |
| **जन्म स्थान-** | चित्तौढ़, जिला-राजस्थान |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती सोनाली जैन |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हायर सेकेण्डरी |
| **व्यवसाय-** | व्यापार |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | स्टेशन मार्ग, सांवरिया लॉज के पास, वार्ड नं.-17, दलौदा चौपाटी, तहसील-दलौदा, जिला-मंदसौर (म.प्र.) 458667 मोबाइल-7770998888 ई-मेल- vipin.jain@mpvidhansabha.nic.in sdps_dalauda@rediffmail.com |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-3, कमरा नं. 26-27, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

2006 में जनपद पंचायत मंदसौर के सदस्य रहे. सन् 2015 ग्राम पंचायत दलौदा चौपाटी के सरपंच रहे. मार्च 2023 से जिला कांग्रेस मंदसौर के अध्यक्ष.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# जैन, श्री शैलेन्द्र कुमार

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** सागर (41)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री मोतीलाल जैन |
| **जन्म तिथि-** | 16 जुलाई,1963 |
| **जन्म स्थान-** | सागर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती अनुश्री जैन |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.कॉम. |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं व्यापार |
| **अभिरुचि-** | संगीत, खेल एवं पर्यटन |
| **स्थायी पता-** | 376/9 ए धर्मश्री, अम्बेडकर वार्ड, जिला-सागर (म.प्र.) दूरभाष-(07582) 233338 मोबाइल-9752500511, 9425170511 फ़ैक्स-(07582) 233970 ई-मेल- shailendra.jain@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | A-802, तुलसी टावर, तुलसी नगर,भोपाल (म.प्र.) दूरभाष-(0755) 2440679 |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

कपार्ट, भारत सरकार के सदस्य. भारतीय खाद्य निगम मध्यप्रदेश चैप्टर, मध्यप्रदेश दूरभाष सलाहकार समिति, भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश एवं डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर की कोर्ट के पूर्व सदस्य. भा.ज.पा. जिला उपाध्यक्ष. भाजपा सागर के जिलाध्यक्ष. कोषाध्यक्ष एवं संभागीय मीडिया प्रभारी. मध्यप्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष. पंडित कुंजीलाल दुबे संसदीय विद्यापीठ के सदस्य. बीड़ी

मजदूरों के राज्य सलाहकार समिति के सदस्य. श्री खेमचंद जैन चैरिटेबिल ट्रस्ट और श्री खेमचंद जैन हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर सागर के ट्रस्टी. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. प्रत्यायुक्त विधान समिति के सभापति रहे. 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. विधान सभा की स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति के सभापति तथा लोक लेखा समिति एवं विशेषाधिकार समिति के सदस्य रहे. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में चौथी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## टंडन, श्री मुकेश

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** विदिशा (144)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री पुरूषोत्तम दास जी टंडन |
| **जन्म तिथि-** | 12 अगस्त,1962 |
| **जन्म स्थान-** | विदिशा |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती सरोज टंडन |
| **संतान-** | 2 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हाई स्कूल |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | मुखर्जी नगर के सामने, अशोक नगर रोड, जिला-विदिशा (म.प्र.) 464001 मोबाइल- 9425138333 ईमेलmukesh.tandon@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवारिक खण्ड, कमरा नं. 5, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1989 से 1992 तक प्रदेश कार्यालय मंत्री, भाजपा युवा मोर्चा. सन् 1994 से 2004 तक सदस्य दूरसंचार विभाग जिला स्तरीय सलाहकार समिति विदिशा. सन् 2005 से 2008 तक डायरेक्टर, एस.ए.टी.आई. कालेज, विदिशा. सन् 2015 से 2020 तक अध्यक्ष, नगर पालिका विदिशा.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# टेकाम, कुँवर सिंह
**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** धौहनी (82)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री धीरशाह सिंह |
| **जन्म तिथि-** | 10 मार्च,1963 |
| **जन्म स्थान-** | धुपखड़, जिला-सीधी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती चन्द्रकला सिंह |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 3 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए. (समाज शास्त्र) |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | अध्ययन, योग, खेलकूद, गीत-संगीत, समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | ग्राम धुपखड़, पो. कमछ, तह. कुशमी, जिला-सीधी (म.प्र.) मोबाइल-9425331946, 6263254314 ई-मेल-ks.tekam@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-3,कमरा नं.10-11-12, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

1980 में इन्टर कॉलेज छात्र संघ अध्यक्ष. 1983-2000 में एन.सी.एल. में शासकीय सेवा एवं भारतीय कोयला खदान श्रमिक संघ सिंगरौली के विभिन्न पदों पर कार्य. 2000 से आदिवासी विकास परिषद के आजीवन सदस्य. 2000-2003 में जिला दूरसंचार सलाहकार समिति एवं 2003-2004 में ग्रामीण विकास मंत्रालय की जिला सलाहकार समिति सीधी के सदस्य. वर्ष 2000-2003 में भा.ज.पा. की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य. 2004-2007

में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली के अध्यक्ष. वर्ष 2007-2010 में भा.ज.पा. के अनु.जनजाति मोर्चा मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. विधान सभा की अनेक समितियों के सदस्य. वर्ष 2009-2012 में भा.ज.पा. मध्यप्रदेश के प्रदेश महामंत्री. सन् 2013 में चौदहवीं तथा सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में चौथी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# टेटवाल, श्री गौतम
## भारतीय जनता पार्टी
**निर्वाचन क्षेत्र-** सारंगपुर (164)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री भेरूलाल टेटवाल |
| **जन्म तिथि-** | 5 सितम्बर,1963 |
| **जन्म स्थान-** | सारंगपुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती रेखा देवी |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.एस.सी.(कृषि), एम.एस.सी., एम.ए. (राजनीति शास्त्र) |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | पर्यावरण, समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | 34, भल्ला कालोनी,ए.बी.रोड, जिला-राजगढ़ (म.प्र.) मोबाइल- 9425111519, 8770124019 ई-मेल-gotam.tetwal@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-21, चार इमली, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

चौदह वर्ष की आयु से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्णकालिक प्रचारक के रूप में कार्य. तदनंतर संगठन कार्य. कृषि महाविद्यालय छात्र संघर्ष समिति सीहोर के अध्यक्ष. 1983 में अ.भा. विद्यार्थी परिषद् सारंगपुर के नगर अध्यक्ष. बजरंग दल एवं विश्व हिन्दू परिषद् सारंगपुर के तहसील संयोजक. भा. ज. युवा मार्चा सारंगपुर के नगर अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष.

माननीय श्री मुरली मनोहर जोशी जी के साथ तिरंगा यात्रा. श्री राम शिला पूजन में सहभागिता, बजरंग दल जिला संयोजक के रूप में सहभागिता एवं 1993-1995 में इसके राजगढ़ जिला उपाध्यक्ष. 1995-1998 में सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान समिति के उपाध्यक्ष एवं 1998-2001 में सरस्वती शिशु मंदिर सारंगपुर के सचिव. भा.ज.युवा मोर्चा मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य. भा.ज.पा. राजगढ़ के जिला मंत्री, भा.ज.पा. मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रतिनिधि. भा.ज.पा. अनुसूचित जाति मोर्चा राजगढ़ के दो बार जिला अध्यक्ष. अ.जा. मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष, हिन्दू उत्सव समिति के सदस्य. विभिन्न प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी के चुनाव अभियान में कार्य किया. सामाजिक कार्यो में निरंतर सहभागिता. वर्तमान में श्री गुरू रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय महामंत्री.सन् 2008 में पहली बार तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति** - राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार (केवल कौशल विकास एवं रोजगार).



# ठाकुर, सुश्री उषा
**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** डॉ. अम्बेडकरनगर-महू (209)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री बाबू सिंह ठाकुर |
| **जन्म तिथि-** | 3 फरवरी,1966 |
| **जन्म स्थान-** | इंदौर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | अविवाहित |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए., एम.एड., एम.फिल. |
| **व्यवसाय-** | शिक्षण |
| **अभिरुचि-** | कविता पाठ, महापुरूषों की जन्मस्थली का दर्शन |
| **स्थायी पता-** | (1) निवास-115/सी, संगम नगर,जिला-इंदौर<br>(2) कार्यालय- 112 सेक्टर सी, संगम नगर, किला रोड, इंदौर (म.प्र.) 452006 दूरभाष- (0731) 4051077, 2615555,<br>मोबाईल - 9329070090, 9826034116<br>ई-मेल-usha.thakur@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | डी-1, चार इमली, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

पूर्व पार्षद.शिक्षा समिति की अध्यक्ष.भा.ज.युवा.मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य.राष्ट्र सेविका समिति, सांस्कृतिक जागरण मंच, हिन्दू जागरण मंच एवं पहल समग्र क्रांति चेतना मंच से संबद्ध. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित तथा महिलाओं एवं बालकों के कल्याण संबंधी समिति तथा धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग की परामर्शदात्री समिति की सदस्य रहीं. सन् 2013 में चौदहवीं तथा सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित. दिनांक 2 जुलाई, 2020 को मंत्री पद की शपथ.मंत्री, पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग रहीं.

सन् 2023 में चौथी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# ठाकुर, श्री कालु सिंह
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** धरमपुरी (200)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री भारत सिंह ठाकुर |
| **जन्म तिथि-** | 2 नवम्बर, 1969 |
| **जन्म स्थान-** | चीफ खोदरा, जिला-धार |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती सुमन बाई, श्रीमती राधा बाई |
| **संतान-** | 3 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | आठवीं |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | राजनैतिक सेवा |
| **स्थायी पता-** | ग्राम-सिसौदिया, पोस्ट-गुजरी, थाना-धामनोद, तहसील-धरमपुरी, जिला-धार (म.प्र.)<br>मोबाइल-9406603043<br>ई-मेल- hiralal.alawa@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवारिक खण्ड-1, कमरा नं.19, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2013 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## ठाकुर, श्री नीरज सिंह
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** बरगी (96)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री बृज बिहारी सिंह ठाकुर |
| **जन्म तिथि-** | 9 सितम्बर, 1978 |
| **जन्म स्थान-** | जबलपुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती स्वेता सिंह ठाकुर |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ई., एम.बी.ए. |
| **व्यवसाय-** | बी.पी.सी.एल. डीलर, कृषक |
| **अभिरुचि-** | रनिंग, साईकिलिंग, समाज सेवा, अध्ययन |
| **स्थायी पता-** | (1) 2337/144, (न्यू) राइट टाउन आस्था अपॉर्टमेंट के पास, जबलपुर (म.प्र.) (2) ग्राम व पोस्ट बेलखेड़ा, तहसील-शहपुरा, जिला-जबलपुर (म.प्र.) मोबाइल-9893007360, 9479940008 ई-मेलneeraj.thakur@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नवीन पारिवारिक खण्ड-अ, कमरा नं.-8, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

वर्ष 2013 से 2020 तक पूर्व मंडी अध्यक्ष, शहपुरा भिटोनी. जिला संयोजक नमामि नर्मदे प्रकल्प जबलपुर ग्रामीण. वर्ष 2020 से निरंतर जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जबलपुर ग्रामीण.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# डंग, श्री हरदीपसिंह

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** सुवासरा (226)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री शरणसिंह जी डंग |
| **जन्म तिथि-** | 2 मार्च, 1968 |
| **जन्म स्थान-** | सुवासरा, जिला-मंदसौर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती असमित कौर |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.कॉम. (माधव कॉलेज, उज्जैन) |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | कृषि, खेल, संगीत |
| **स्थायी पता-** | पुलिस थाने के पास, सुवासरा, जिला-मंदसौर (म.प्र.) 458888 दूरभाष-(07426) 220222 मोबाइल-9755455270, 9425993440 ई-मेल- hardeepdang226@gmail.com hardeep.dang@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | ई-9/9, चार इमली, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1987 में एन.सी.सी. उज्जैन माधव कॉलेज के सीनियर अण्डर आफीसर एवं 1988 में दिल्ली में गणतंत्र दिवस की आरडीसी परेड में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व. सन् 1993 में एन.एस.यू.आई. के जिला संगठन मंत्री, सन् 1996 में जिला उपाध्यक्ष तथा सन् 1999 में जिला अध्यक्ष. सन् 1998 में जिला युवा कांग्रेस मंदसौर के उपाध्यक्ष. सन् 2000 से 2005 तक

ग्राम पंचायत सुवासरा के सरपंच. मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं नीमच जिला प्रभारी.रतलाम ग्रामीण ब्लाक प्रभारी.सन् 2005 से 2010 तक जिला पंचायत सदस्य वन समिति के सभापति. सन् 2008 में सुवासरा विधान सभा कांग्रेस प्रत्याशी. सन् 2009 में पंचायती राज के संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष. सन् 2011 में जिला कांग्रेस महामंत्री. सन् 2013 में पहली बार चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. सन् 2018 में दूसरी बार पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. दिनांक 10 मार्च, 2020 को सदस्यता से त्यागपत्र. दिनांक 2 जुलाई, 2020 को भारतीय जनता पार्टी की सरकार में मंत्री पद की शपथ तथा मंत्री, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग रहे. नवम्बर 2020 के उप चुनाव में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की ओर से सदस्य निर्वाचित. अध्यक्ष, म.प्र. ऊर्जा विकास निगम.

सन् 2023 में चौथी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## डामर, श्री मथुरालाल
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** रतलाम-ग्रामीण (219)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री नाथा जी |
| **जन्म तिथि-** | 3 अगस्त,1955 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-कुण्डाल, पो.सरवड़, जिला-रतलाम |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती कंकु बाई |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | 7वीं |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा, भजन |
| **स्थायी पता-** | म.नं.-23, ग्राम-सरवड़ (कुंडाल), तहसील व जिला-रतलाम (म.प्र.) मोबाइल- 9752723414 ई-मेल-mathura.lal@mpvidhansabha.nic.in |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

ग्राम-पंचायत के सरपंच. सेवा सहकारी समिति जमुनिया के अध्यक्ष. सन् 2013 में पहली बार चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# डावर, श्री केदार चिड़ाभाई

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** भगवानपुरा (186)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व.श्री चिड़ाभाई डावर |
| **जन्म तिथि-** | 20 फरवरी,1964 |
| **जन्म स्थान-** | सांगवी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती कमला डावर, श्रीमती लक्ष्मी डावर |
| **संतान-** | 1 पुत्र,1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए.,एल-एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं व्यापार |
| **अभिरुचि-** | सामाजिक सेवा |
| **स्थायी पता-** | ग्राम सांगवी, पोस्ट केली, तहसील सेगांव, जिला-खरगोन (म.प्र.) मोबाइल-9425123855 ई-मेल-kedar.cdawar@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवारिक खण्ड-1, कमरा नं. 19, भोपाल (म.प्र.) |

## सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

सामाजिक एवं आदिवासी संस्कृति के विकास कार्यो में संलग्न. म.प्र. कांग्रेस प्रबंध समिति में सदस्य. जिला कांग्रेस कमेटी खरगोन के उपाध्यक्ष. सन् 2018 में पहली बार पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# डोडियार, श्री कमलेश्वर
**भारत आदिवासी पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** सैलाना (221)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री ओंकारलाल डोडियार |
| **जन्म तिथि-** | 9 सितम्बर,1990 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-राधाकुआ |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती अंजली डोडियार |
| **संतान-** | 1 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए., एल.एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं मजदूरी |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा, पढ़ाना, पढ़ना |
| **स्थायी पता-** | म.नं.-34, ग्राम-राधाकुआ, पोस्ट-सरवन, तहसील-सैलाना,जिला-रतलाम (म.प्र.) 457550 मोबाइल-9425635906,8120750867 ई-मेल-kamleshwar.d@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-3, कमरा नं. 46-47, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.




## तनवे, श्रीमती कंचन मुकेश
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** खण्डवा (177)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री नत्थु गारवे |
| **जन्म तिथि-** | 14 जून,1982 |
| **जन्म स्थान-** | पालसुदमाल |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पति -** | श्री मुकेश तनवे |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.एस.डब्लू. प्रथम वर्ष |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | सिविल लाईन, एन.व्ही.डी. कालोनी, खण्डवा (म.प्र.) मोबाइल-9039693001,9617226231 ई-मेल- kanchantanve123@gmail.com kanchan.tanve@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवारिक खण्ड-2, कमरा नं.15, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

वर्ष 2015 से जनपद अध्यक्ष एवं जिला पंचायत अध्यक्ष. जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# तिवारी, श्री सिद्धार्थ

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** त्योंथर (70)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री सुन्दरलाल तिवारी |
| **जन्म तिथि-** | 21 मार्च,1983 |
| **जन्म स्थान-** | रीवा |
| **वैवाहिक स्थिति-** | अविवाहित |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ई., एम.बी.ए. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | पढ़ाई, संस्कृति, खेल |
| **स्थायी पता-** | अमहिया, रीवा (म.प्र.)<br>मोबाइल- 9717178676 ई-मेल-<br>sidharth.tiwari@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नवीन पारिवारिक परिसर<br>खण्ड-ब, कमरा नं. 6, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# तिवारी, श्री सुशील कुमार

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** पनागर (101)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री छोटेलाल तिवारी |
| **जन्म तिथि-** | 30 जून, 1959 |
| **जन्म स्थान-** | जबलपुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती माया तिवारी |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.काम. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा,लोक कल्याण एवं चुनौतीपूर्ण कार्य करना |
| **स्थायी पता-** | 263, पिंक हाऊस, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड, मिलौनी गंज, जिला-जबलपुर (म.प्र.)<br>मोबाइल-9424000000<br>ई-मेल-sushiltiwari867@gmail.com<br>susheel.tiwari@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नवीन पारिवारिक परिसर-ब, कमरा नं. 3, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2005-2011 में कृषि उपज मंडी, जबलपुर के अध्यक्ष. सन् 2006-2009 में जिला अन्त्योदय समिति के सदस्य. गोविन्दराम सेकसरिया वाणिज्य महाविद्यालय, जबलपुर की गवर्निंग बॉडी के सदस्य. राईस मिल

एसोसिएशन दमोह नाका व्यापारी संघ एवं ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन जबलपुर के संरक्षक. दीनदयाल थाली के नाम से कृषि उपज मंडी, जबलपुर में सन् 2006-2011 तक मात्र पांच रूपये में भरपेट पौष्टिक भोजन समस्त कृषकों एवं कृत्यकारियों को ससम्मान उपलब्ध कराया. नानाजी थाली के नाम से प्रत्येक मंगलवार को बरेला में मात्र दस रूपये में भरपेट पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रहे जो सतत् जारी है. नेत्र ज्योति रथ (मोबाईल वैन) के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं पोषक ग्रामों में नि:शुल्क आंखों की जांच, आवश्यकतानुसार दवाईयां एवं चश्में (नि:शुल्क) वितरण कार्य. सन् 2013 में पहली बार चौदहवीं तथा सन् 2018 में दूसरी बार पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# तोमर, श्री प्रद्युम्न सिंह
**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** ग्वालियर (15)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री हाकिम सिंह |
| **जन्म तिथि-** | 1 जनवरी,1968 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम नावली अम्बाह, जिला-मुरैना |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती अर्चना तोमर |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए. |
| **व्यवसाय-** | कृषि, व्यापार |
| **अभिरुचि-** | जन सेवा, भ्रमण, पर्यटन, अध्ययन |
| **स्थायी पता-** | क्वार्टर नं. 2/199, न्यू कालोनी नं. 2, बिरलानगर, जिला-ग्वालियर (म.प्र.) 474003 दूरभाष-(0751) 4033469 मोबाइल-9301124042, 6232097802 ई-मेल-pradhuman.tomar@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | सी-18, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.) 462021 दूरभाष-(0755) 2760082, 2553597 |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

विद्यालयीन छात्र संघ के अध्यक्ष. जन कल्याण संघर्ष समिति ग्वालियर के संयोजक. कौमी एकता समिति ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अध्यक्ष.म.प्र. युवक कांग्रेस के संयुक्त सचिव एवं 1996-2005 तक उपाध्यक्ष. दो बार ग्वालियर व्यापार मेले के उप संयोजक. दो बार प्रदेश

कांग्रेस कमेटी के सदस्य. म.प्र. आम आदमी का सिपाही के समन्वयक. जिला कांग्रेस कमेटी ग्वालियर तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित तथा प्रत्यायुक्त विधान एवं याचिका समिति के सदस्य रहे. सन् 2018 में दूसरी बार इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. दिनांक 29 दिसम्बर, 2018 से 13 मार्च, 2020 तक मंत्री, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग रहें. दिनांक 10 मार्च, 2020 को सदस्यता से त्याग पत्र. दिनांक 2 जुलाई, 2020 को मंत्री पद की शपथ. नवम्बर, 2020 के उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से सदस्य निर्वाचित. तीसरी बार सदस्य के रूप में दिनांक 28 दिसम्बर, 2020 को शपथ ग्रहण की तथा मंत्री, ऊर्जा विभाग रहे.

सन् 2023 में चौथी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति -** मंत्री, ऊर्जा.



## दांगी, श्री हज़ारीलाल

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** खिलचीपुर (163)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री रामरतन दांगी |
| **जन्म तिथि-** | 6 जून, 1951 |
| **जन्म स्थान-** | काशीखेड़ी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती ज्योत्सना दांगी |
| **संतान-** | 2 पुत्र, 3 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हायर सेकेण्डरी, बी.टी.आई.ट्रेड |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | क्षेत्रीय विकास, समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | शिक्षक कालोनी, जीरापुर, तहसील जीरापुर, जिला-राजगढ़ (ब्यावरा) (म.प्र.) मोबाइल- 9425444021, 9617417023 ई-मेल- hajarilal.dangi@mpvidhansabha.nic.in hajarilaldangimlakhilchipur@rediffmail.com |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवारिक खण्ड- 1, कमरा नं. 13 भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

जनवरी 1971 से 1973 तक ग्राम पंचायत दोलाज जनपद पंचायत खिलचीपुर में पंचायत सचिव. दिसम्बर 1973 से 1988 तक शिक्षा विभाग अंतर्गत 15 वर्ष तक शिक्षक के रूप में सेवायें दी. समाज सुधार व विकास की दृष्टि से विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को संचालित करते हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के विगत 30 वर्षों से निरंतर अध्यक्ष. 1994 से

1998 तक जिला पंचायत राजगढ़ के अध्यक्ष तथा 1998 में त्याग पत्र. सन् 1998 में ग्यारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. एपेक्स बैंक (को-ऑपरेटिव बैंक), भूमि विकास बैंक के डायरेक्टर. सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# दादु, सुश्री मंजू राजेन्द्र
**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** नेपानगर (179)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री राजेन्द्र श्यामलाल दादु |
| **जन्म तिथि-** | 12 जून,1989 |
| **जन्म स्थान-** | खकनार, जिला-बुरहानपुर (म.प्र.) |
| **वैवाहिक स्थिति-** | अविवाहित |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.बी.ए. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | खेलकूद, अध्ययन, पाक-कला |
| **स्थायी पता-** | मकान नं.-20, ग्राम-कानापुर, पोस्ट-मांजरोदकलॉ, तहसील-खकनार, जिला-बुरहानपुर (म.प्र.) 450332 मोबाइल-7067156801 ई-मेल-manju.rd@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | डी-3, उपान्त कालोनी, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

आदिवासी सेवामंडल, भोपाल में सह सचिव.नवम्बर,2016 के उप चुनाव में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित एवं सदस्य के रूप में दिनांक 5 दिसम्बर, 2016 को शपथ ग्रहण की. दिनांक 25 दिसम्बर, 2021 में अध्यक्ष कृषि विपणन बोर्ड (राज्य मंत्री दर्जा). अनुसूचित जनजाति मोर्चे में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# देवड़ा, श्री जगदीश

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** मल्हारगढ़ (225)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री गेंदालाल देवड़ा |
| **जन्म तिथि-** | 1 जुलाई,1957 |
| **जन्म स्थान-** | रामपुरा, जिला-नीमच |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती रेणु देवड़ा |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए., एल-एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | वकालत, समाजसेवा |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा, खेलकूद, एथलेटिक्स चैम्पियन |
| **स्थायी पता-** | 31, श्याम नगर द्वितीय, राजेन्द्र परिणय रिसोर्ट के सामने,जिला-मंदसौर(म.प्र.)<br>दूरभाष-(07422) 244609<br>मोबाइल-7746887666,9131989391 ई-मेल-jagdish.dewra@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | सी-5, (74 बंगले) स्वामी दयानन्द नगर, भोपाल<br>दूरभाष-(0755) 2790095, 2790096 |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

विद्यार्थी जीवन से सामाजिक कार्यों में रूचि. हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं 1979 में शासकीय महाविद्यालय रामपुरा के छात्र संघ अध्यक्ष. विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की सीनेट के सदस्य. भा.ज.यु. मोर्चा मनासा के

मंडलाध्यक्ष, जिला महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष. भा.ज.पा. जिला मंदसौर के महामंत्री एवं प्रदेश प्रतिनिधि तथा भा.ज.यु. मोर्चा अनुसूचित जाति के जिला संयोजक एवं प्रदेश अध्यक्ष. राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य. 1990 में नौवीं एवं 1993 में दसवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. पटल समिति तथा अ.जा., अ.ज.जा. एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति के सदस्य. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं राज्य मंत्री, गृह, स्कूल शिक्षा एवं ऊर्जा तदनंतर मंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और श्रम, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण (केवल अनुसूचित जाति कल्याण) रहे. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं मंत्री परिवहन, जेल, योजना, आर्थिक और सांख्यिकी एवं गृह रहे. सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. दिनांक 24 मार्च, 2020 से 2 जुलाई, 2020 तक सामयिक अध्यक्ष मध्यप्रदेश विधान सभा. दिनांक 2 जुलाई, 2020 को मंत्री पद की शपथ तथा मंत्री वाणिज्य कर, वित्त, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग रहे.

सन् 2023 में सातवीं बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित. दिनांक 13 दिसम्बर 2023 को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ.

**सम्प्रति**-उप मुख्यमंत्री,वित्त,वाणिज्यिक कर, योजना,आर्थिक एवं सांख्यिकी.



# देशमुख, श्री चन्द्रशेखर

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** मुलताई (129)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री जानराव देशमुख |
| **जन्म तिथि-** | 9 फरवरी,1956 |
| **जन्म स्थान-** | नागपुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती सुहासिनी देशमुख |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | मुकाम-परसोडी, पोस्ट-आष्टा, तहसील-मुलताई, जिला-बैतूल (म.प्र.) 460666 मो. 9424461333 ई-मेल-cs.deshmukh@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नवीन पारिवारिक खण्ड-2, कमरा नं. 13 भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

भा.ज.पा. के जिला स्तरीय आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी. सन् 1990 से 1998 तक सरपंच. सहकारी समिति में बैंक प्रतिनिधि. भा.ज.पा. के मंडल महामंत्री. विकासखंड स्तर पर सरपंच संघ की अध्यक्षता. भा.ज.पा. की जिला कार्यकारिणी के सदस्य. तिलहन संघ के प्रतिनिधि. सन् 1998 में ग्यारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. 2004 से 2009 तक जिला पंचायत उपाध्यक्ष. सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# देसाई (जाटव), श्री केशव

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** गोहद (13)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री रामभरोसे |
| **जन्म तिथि-** | 2 मार्च, 1966 |
| **जन्म स्थान-** | गोहद |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती दर्शनश्री |
| **संतान-** | 2 पुत्र, 3 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हाई स्कूल |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | हरीराम का पुरा (मालनपुर), गोहद जिला-भिण्ड (म.प्र.) मोबाइल-9826681510<br>ई-मेल- keshav.desai@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नवीन पारिवारिक परिसर, खण्ड-1,कमरा नं. 2, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# दोगने, डॉ. रामकिशोर

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** हरदा (135)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री कन्हैयालाल दोगने |
| **जन्म तिथि-** | 16 मार्च, 1965 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-कोठरा, तहसील-सिवनी मालवा, जिला-नर्मदापुरम |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती रजनी दोगने |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | पी.एच.डी. |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं शिक्षण संस्थान |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा, शैक्षणिक गतिविधियां |
| **स्थायी पता-** | 296,पंप इंजन रोड मानपुरा, नदी के पार, हरदा, जिला-हरदा (म.प्र.) मोबाइल - 9826069169, 9425902849 ई-मेल- rkdogne@gmail.com ramkishor.dogne@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-3, कमरा नं. 60-61 एवं 92, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

वर्तमान में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष (कार्यकारी). अक्टूबर, 2011 में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के महामंत्री, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव. वर्तमान में म.प्र. कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष. सन् 2013 में पहली बार चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## धुर्वे, श्री ओम प्रकाश
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** शहपुरा (103)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री दादूलाल धुर्वे |
| **जन्म तिथि-** | 13 मई,1961 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-रूसा, जिला-डिण्डौरी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती ज्योति प्रकाश धुर्वे |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.एस.सी. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | खेलकूद, सामाजिक कार्य |
| **स्थायी पता-** | मु.पो. रूसा, तहसील-बजाग, जिला-डिण्डौरी (म.प्र.) मोबाइल-9425012722 ई-मेल- omprakashdhurwey103@gmail.com op.dhurwe103@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नवीन पारिवारिक परिसर-ब, कमरा नं.5, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

जिला घोषित करो आंदोलन में भाग एवं गिरफ्तारी. किसान एवं नशाबंदी आंदोलन में सक्रिय. भा.ज.पा. के प्रदेश प्रतिनिधि. भा.ज.पा. के अ.ज.जा. मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव. जिला पंचायत डिण्डौरी के अध्यक्ष. जनपद पंचायत करंजिया के सदस्य. वनवासी कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष. 1990 में नौवीं एवं 1998 में ग्यारहवीं विधान सभा के सदस्य

निर्वाचित. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं मंत्री, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, समाज कल्याण, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण (आदिम जाति कल्याण को छोड़कर) महिला बाल विकास तदनंतर  आदिम जाति कल्याण व श्रम,  खेल एवं युवक कल्याण रहे. जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, जनजाति मोर्चा एवं राष्ट्रीय सचिव भारतीय जनता पार्टी. महाराष्ट्र राज्य के सहप्रभारी. सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. तदनंतर मंत्री, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, श्रम रहे.

सन् 2023 में पांचवी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## नागवंशी, श्री ठाकुर दास
**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** पिपरिया (139)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री चुनीलाल नागवंशी |
| **जन्म तिथि-** | 11 अक्टूबर,1965 |
| **जन्म स्थान-** | पिपरिया |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती ममता नागवंशी |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हायर सेकेण्ड्री |
| **अभिरुचि-** | क्रिकेट, समाज सेवा एवं पहलवानी |
| **स्थायी पता-** | भगत सिंह वार्ड, बैनर्जी कालोनी, पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम् (म.प्र.)<br>मोबाइल-9893204407, 9406957705<br>ई-मेल-td.nagwanshi@mpvidhansabha.nic.in |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2008 में तेरहवीं तथा सन् 2013 मे चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. विधान सभा की आचरण एवं प्रत्यायुक्त विधान समिति के सदस्य. अध्यक्ष, विद्युत सलाहकार समिति. सदस्य, सर्तकता एवं निगरानी समिति. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में चौथी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## नागेश, श्री महेन्द्र
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** गोटेगांव (118)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री रूपसिंह नागेश |
| **जन्म तिथि-** | 1 जनवरी, 1972 |
| **जन्म स्थान-** | कमोद (गोटेगांव) |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती विनीता नागेश |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हायर सेकेण्ड्री (कला समूह) |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | शिक्षक कॉलोनी, भगत सिंह वार्ड, गोटेगांव, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.) 487118<br>मोबाइल-9425469098<br>ई-मेल- mahendranagesh97@gmail.com<br>mahendra.nagesh@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-1,104, खुशी अपार्टमेंट, दानिश कुंज, कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.) 462042 |

### सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

सन् 1994 से 1999 तक सरपंच ग्राम पंचायत कमोद. सन् 1999 से 2004 तक जनपद सदस्य जनपद पंचायत गोटेगांव. सन् 2004 से 2009 तक अध्यक्ष जिला पंचायत नरसिंहपुर. भा.ज.पा. सेक्टर प्रभारी कमोद का

दायित्व. सन् 2010 से 2013 तक जिला संयोजक भा.ज.पा. (अन्योदय योजना प्रकोष्ठ) नरसिंहपुर. सन् 2012 में विशेष आमंत्रित सदस्य भा.ज.पा., जिला कार्यकारिणी सदस्य, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, भा.ज.पा. विधान सभा क्षेत्र गोटेगांव जिला नरसिंहपुर. प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भा.ज.पा. अनु. जाति मोर्चा. ग्राम केन्द्र देवनगर के पालक ग्रामीण मण्डल गोटेगांव. वर्ष 2013 से विधान सभा सम्मेलन सदस्य वर्ष 2013. दिनांक 4.11.2022 से 18.12.2022 तक 44 दिन गोटेगांव विधानसभा में 400 ग्रामों में जनसंवाद पदयात्रा, विकास यात्रा जनपद पंचायत गोटेगांव की 90 ग्राम पंचायतों एवं जनपद पंचायत नरसिंहपुर की 49 ग्राम पंचायतों एवं 28 फरवरी 2023 तक 18 दिनों की पद यात्रा. अध्यक्ष (कार्यवाहक) मेहरा समाज जिला नरसिंहपुर. सदस्य कर्मविधि मानस सेवा शिक्षा परिषद् गोटेगांव. सक्रिय सदस्य सांई सेवा समिति गोटेगांव. नर्मदा स्वच्छता अभियान में सहभागिता.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# पटवा, श्री सुरेन्द्र

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** भोजपुर (141)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री समरथमल पटवा |
| **जन्म तिथि-** | 19 जनवरी,1964 |
| **जन्म स्थान-** | मनासा, जिला-नीमच (म.प्र.) |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती मोनिका पटवा |
| **संतान-** | 1 पुत्र,1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | स्नातक |
| **व्यवसाय-** | टोरेंट सी. एण्ड एफ, इन्दौर |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | 34 गुलमर्ग कालोनी,जिला-इन्दौर (म.प्र.) 452001 मोबाइल-9826082145 ई-मेल-surendra.patwa@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-3, (74 बंगले) भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम. यूनिक पहचान प्राधिकरण परियोजना के क्रियान्वयन एवं निगरानी तथा मार्गदर्शन हेतु पुनर्गठित और आबकारी व्यवस्था वर्ष 2014-15 के अध्यधीन अनुषांगिक निर्णय हेतु गठित मंत्री परिषद समितियों के सदस्य. सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. तदनंतर राज्यमंत्री, संस्कृति (स्वतंत्र प्रभार), पर्यटन (स्वतंत्र प्रभार), किसान कल्याण तथा कृषि विकास रहे. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में चौथी बार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.



## पट्टा, श्री नारायण सिंह
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**
**निर्वाचन क्षेत्र-** बिछिया (105)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व.श्री रामा सिंह पट्टा |
| **जन्म तिथि-** | 6 अप्रैल,1972 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम खमतरा, जिला-मण्डला |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती फुलमसिया पट्टा |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | खेलकूद, सामाजिक कार्य, पर्यटन, सांस्कृतिक गतिविधि |
| **स्थायी पता-** | ग्राम खमतरा, पोस्ट व थाना घुघरी, जिला-मण्डला (म.प्र.) मोबाइल-9424360944, 9109260444 ई-मेल-narayan.patta@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह,नवीन पारिवारिक परिसर-ब, कमरा नं.1, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

2000-2008 में ग्राम पंचायत घुघरी के सरपंच तथा सरपंच संघ ब्लॉक शाखा के अध्यक्ष. जिला युवक कांग्रेस मंडला के उपाध्यक्ष. सन् 2008 में तेरहवीं तथा सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**पटेल, श्री देवेन्द्र**
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**
**निर्वाचन क्षेत्र-** सिलवानी (143)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री रामप्रसाद पटेल |
| **जन्म तिथि-** | 20 मार्च,1970 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-खानपुर, जिला-रायसेन |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती मोहनी पटेल |
| **संतान-** | 2 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हायर सेकेण्ड्री |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा एवं धार्मिक कार्य |
| **स्थायी पता-** | पटेल भवन, नया बस स्टेण्ड, बेगमगंज, जिला-रायसेन (म.प्र.) मोबाइल-9425493068 ई-मेल-devendrapatel@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-2, कमरा नं. 18-19 एवं 96, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

दो वर्ष हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष. 2003 में बेगमगंज उर्स कमेटी के अध्यक्ष. 2000-2005 में कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष. सन् 2008 में पहली बार तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## पटेल, श्री नरेन्द्र शिवाजी

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** उदयपुरा (140)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री शिवाजी पटेल |
| **जन्म तिथि-** | 21 जून, 1968 |
| **जन्म स्थान-** | सेमरीकलां, नर्मदापुरम |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती सुजाता पटेल |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ई. |
| **व्यवसाय-** | इंजीनियरिंग सलाहकार एवं कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | नाहर कालोनी, बरेली, जिला-रायसेन (म.प्र.) 464668 मोबाइल-9425007909, 8989601111 ई-मेल-narendra.patel@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | काशी सेवा सदन (बी-2, काशियाना बंगला), भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

बाल्यकाल से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक. विद्यालयीन शिक्षा के समय स्काउट्स एवं गाइड्स से जुड़े और एन.सी.सी. में एल.सी.पी.एल. से लेकर एस.जी.टी. रहे. राष्ट्रीय सेवा योजना में प्रदेश सलाहकार के रूप में दायित्व का निर्वहन. सन् 1984 में भारतीय जनता पार्टी के पोलिंग एजेंट बनने के बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा में सक्रिय. भारतीय जनता युवा

मोर्चा में जमीनी कार्यकर्ता से लेकर मंडल उपाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष, प्रदेश मंत्री और राष्ट्रीय मंत्री का दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन. योग एवं आध्यात्म में विविध प्रयोग करने में रूचि. विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक संस्था में सक्रिय रहते हुए लेखन में रूचि. विद्यार्थी जीवन में ही विद्यालय की पत्रिका से लेकर महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका के संपादक रहे. सुमन-वाटिका, शिक्षा पौरूष और जेनिथ नामक पुस्तकों और पत्रिकाओं में लेखन व संपादकीय कार्य में सहभागिता की. कठोपनिषद पर आधारित "नचिकेता मृत्युदेव संवाद" नाम से सरल भाषा में पुस्तक लिखी जिसका प्रकाशन शारदा प्रकाशन न्यास द्वारा किया गया. पण्डित दीनदयाल जी की जन शताब्दी के शुभ अवसर पर दीनदायाल जी पर भी पुस्तक लिखी. वर्तमान में "भगवतगीता" पर आधारित किशोर एवं युवाओं को दृष्टिगत रखते हुए पुस्तक लिख रहे है.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति** - राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा.



# पटेल, श्री नारायण
## भारतीय जनता पार्टी
**निर्वाचन क्षेत्र-** मांधाता (175)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री चंदर सिंह पटेल |
| **जन्म तिथि-** | 1 दिसम्बर,1956 |
| **जन्म स्थान-** | मुंदी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती उमा बाई |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हायर सेकेण्डरी |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं पेट्रोल पंप |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा, जन कल्याण |
| **स्थायी पता-** | वार्ड क्र.1, नगर पंचायत के पास,पुनासा रोड, मुंदी, तह. पुनासा, जिला-खण्डवा (म.प्र.) मोबाइल-9826944099<br>ई-मेल-narayan.patel@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-2, कमरा नं. 54-55, 59 भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सदस्य जिला पंचायत खण्डवा. सेवा सहकारी समिति बोरखेड़ाकला तह.पुनासा जिला खण्डवा के अध्यक्ष. सन् 2018 में पहली बार इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से विधान सभा सदस्य निर्वाचित. दिनांक 23 जुलाई, 2020 को सदस्यता से त्याग-पत्र. नवम्बर, 2020 के उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से सदस्य निर्वाचित. दूसरी बार सदस्य के रूप में दिनांक 28 दिसम्बर, 2020 को शपथ ग्रहण की.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## पटेल, श्री प्रदीप

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** मऊगंज (71)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री सी.एल. वर्मा |
| **जन्म तिथि-** | 10 मार्च, 1969 |
| **जन्म स्थान-** | रीवा |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती निशा पटेल |
| **संतान-** | 2 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.एस.सी. (गणित), बीजेएमसी |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | साहित्य अध्ययन |
| **स्थायी पता-** | (1) एच आई जी-3, बैंक कॉलोनी, नेहरू नगर जिला-रीवा (म.प्र.) (2) चाक मोड़ के पास, मऊगंज, जिला-मऊगंज (म.प्र.)<br>मोबाइल-9425810245, 9302087651<br>ई-मेल-pradeep.patel@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-3, कमरा नं. 39-40-41, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2016-2018 में अध्यक्ष, म.प्र. पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम,भोपाल (कैबिनेट मंत्री दर्जा). सन् 2018 में पहली बार पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. सन् 2021 में म.प्र. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग में सदस्य (राज्यमंत्री दर्जा) तथा सन् 2023 में म.प्र. पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग में अध्यक्ष पद पर नियुक्त (कैबिनेट मंत्री दर्जा).

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# पटेल, श्री प्रहलाद सिंह
## भारतीय जनता पार्टी

**निर्वाचन क्षेत्र-** नरसिंहपुर (119)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री मुलाम सिंह पटेल |
| **जन्म तिथि-** | 28 जून,1960 |
| **जन्म स्थान-** | गोटेगांव, जिला-नरसिंहपुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती पुष्पलता सिंह पटेल |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.एस.सी.,एल.एल.बी., एम.ए. प्री. (दर्शनशास्त्र) |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **स्थायी पता-** | एफ-23, सैनिक सोसाइटी, शक्ति नगर, जबलपुर<br>ई-मेल- prahlad.patel@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-7, प्रोफेसर कालोनी, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1980 में अध्यक्ष, छात्र संघ जबलपुर शासकीय विज्ञान महाविद्यालय. सन् 1982 में जिला अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी, नरसिंहपुर. सन् 1986 में एक माह तक पद यात्रा कर जनचेतना का संचार. सन् 1986-87 में प्रदेश सचिव भारतीय जनता युवा मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी. सन् 1987-90 में मध्यप्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव. सन् 1989 में नौवीं लोक सभा के लिए पहली बार सिवनी से सदस्य निर्वाचित. सन् 1996 में दूसरी बार सिवनी से ग्यारहवीं लोक सभा सदस्य निर्वाचित. भाजपा संसदीय दल लोक सभा के सदस्य. शहरी एवं ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति, विशेषाधिकार समिति तथा

सलाहकार समिति, कृषि मंत्रालय के सदस्य रहे. सन् 1997 में लोक सभा में भारतीय जनता पार्टी के सचेतक. जबलपुर कोसम घाट लोहकरी एवं गांवों में भूकंप पीड़ितों के लिए अस्थायी मकान बनाने हेतु श्रमदान. सन् 1998 में महानिदेशक, नेहरू युवा केन्द्र संगठन, मानव संसाधन मंत्रालय, नई दिल्ली. चमौली भूकंप में ग्वालघाटी को बसाया. सन् 1999 में बालाघाट से तीसरी बार तेरहवीं लोक सभा के सदस्य निर्वाचित. सन् 2002 में बालाघाट जिले की जमुनिया बांध फूटने पर विस्थापन का कार्य जमुनिया सहित 13 ग्रामों में. दिनांक 26 जुलाई, 2002 गौ रक्षा संकल्प सदन में प्रस्तुत किया तथा दिनांक 10 अप्रैल, 2003 को संकल्प पारित. दिनांक 24 मई, 2003 से राज्य मंत्री कोयला मंत्रालय, भारत सरकार. सन् 2009 से नर्मदा स्वच्छता अभियान प्रारंभ. दिनांक 17 जुलाई, 2009 नरसिंहपुर जिले में सोकलपुर में स्मेक पीड़ितों के केम्प. सन् 2011 में नर्मदा स्वच्छता अभियान के तहत् माॅ नर्मदा को दूषित होने से बचाने के लिए नरसिंहपुर जिले में 110 कि.मी. की पदयात्रा. मसंधा प्रकल्प- कम पानी की फसलों पर प्रयास. रक्तदान शिविर की राज्यव्यापी सफलता. बहोरीबंद में नशा मुक्ति अभियान-सितम्बर माह में प्रतिवर्ष. सन् 2011-2014 में राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय जनता मजदूर महासंघ तथा भारतीय जनता मजदूर मोर्चा. दिनांक 25 सितम्बर, 2012 को भारतीय जनता मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते नई दिल्ली में लाखों मजदूरों की महा रैली एवं विशाल प्रदर्शन. सन् 2014 में दमोह से चौथी बार सोलहवीं लोक सभा के सदस्य निर्वाचित. वी.वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान की कार्यकारी परिषद् के सदस्य. दिनांक 12 मार्च, 2012 से 2022 तक सदस्य भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी. दिनांक 5 जुलाई, 2015 मणिपुर प्रदेश प्रभारी. दिनांक 17 सितम्बर, 2016 मध्यप्रदेश के दमोह संसदीय क्षेत्रांर्गत जरारूधाम गौ-अभ्यारण्य की स्थापना (प्रदेश का पहला). दिनांक 20 सितम्बर, 2016 उपाध्यक्ष, संवैधानिक एवं संसदीय अध्ययन संस्थान, नई दिल्ली. मार्च 2017 भाजपा के मणिपुर विधान सभा चुनाव प्रभारी, जहां पहली बार भाजपा सरकार बनी. सन् 2017-18 लोक सभा की फैलोशिप कमेटी के अध्यक्ष. मई, 2019 में पांचवीं बार दमोह से सत्रहवीं लोक सभा के सदस्य निर्वाचित. दिनांक 4 जून, 2019 में भारत सरकार में केन्द्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय. पराक्रम दिवस- प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री के रूप में वर्ष

2021 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया, जिसकी घोषणा कलकत्ता के विक्टोरिया मेमोरियल में माननीय प्रधानमंत्री ने की. फलस्वरूप अब नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाती है. दांडी यात्रा- संस्कृति और पर्यटन मंत्री रहते हुए 12 से 15 मार्च, 2021 तक साबरमती से नडियाद तक 75 किमी की पैदल यात्रा. यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी की उपस्थिति में हुआ. सन् 2022 से भारत सरकार में केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण और जलशक्ति राज्यमंत्री. सन् 2023 मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन की स्थापना-अध्यक्ष. महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव 2024 में पार्टी द्वारा यवतमाल एवं वर्धा जिले का प्रभारी बनाया. सन् 2024-25 जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत 104 नदियों के उद्गम स्थलों का भ्रमण कर जनसंवाद किया. श्रीश्री बाबाश्री जी के सानिध्य में निर्विकार पथ के निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्रों का विकास, ग्रामीण किसानों का विकास तथा नशामुक्ति अभियान के तहत् स्मैक्स का नशा करने वालों को कैंप लगाकर नशामुक्त किया. ग्रामीण किसानों, पिछड़े वर्ग, गरीबों, युवाओं, महिलाओं, असहाय एवं दिव्यांगों की निरंतर सेवा में सक्रिय. समाज की कुरीतियों और बुराइयों को दूर करने के लिए सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों से लोगों को जोड़ने का कार्य. जीवन की गुणवत्ता बढ़ाना और राष्ट्र-समाज का सतत विकास करना ही जीवन की शैली का हिस्सा बनाया. माँ नर्मदा की दो बार परिक्रमा वर्ष 1994-96 एवं पुन:. युवाओं के बीच नशा मुक्ति जन जागरण अभियान चलाया. गौ रक्षा संकल्प के तहत लोक सभा में बिल रखा और पारित कराया. गौ रक्षा संगोष्ठी का नियमित आयोजन. खेलों को बढ़ावा देने हेतु सहयोग क्रीड़ा मंडल की स्थापना एवं सक्रिय संचालन. भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास कार्य. आपदा और बाढ़ पीड़ितों की सहायता अभियान, स्वच्छता अभियान और कई पद यात्राओं की अगुवाई. नर्मदा स्वच्छता अभियान को प्राथमिकता. मणि नागेंन्द्र सिंह फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष, 2023 जिसके अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य और खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा. फाउंडेशन द्वारा गोटेगांव में सैनिक स्कूल सोसाइटी के साथ मिलकर सैनिक स्कूल की स्थापना स्वयं की अध्यक्षता में हो रही है. संस्कृति मंत्री के रूप में गुरू नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व पर देशव्यापी उत्सव का सफल क्रियान्वयन. स्वास्थ्य सेवाओं हेतु योगदान - रक्तदान शिविर , नि:शुल्क

स्वास्थ्य परीक्षण, नि:शुल्क नेत्र परीक्षण और मोतियाबिंद आपरेशन कैम्प का नियमित आयोजन. व्यक्तित्व एवं विशेषताएं - सादा जीवन, शाकाहारी भोजन, ईश्वर भक्त. भारतीय संस्कृति, खेलों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति गहरी आस्था. सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और संस्कृति को जीवन का ध्येय माना.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति** - मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम.



# पटेल, श्री मनोज निर्भय सिंह

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** देपालपुर (203)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री निर्भय सिंह पटेल |
| **जन्म तिथि-** | 16 अक्टूबर, 1973 |
| **जन्म स्थान-** | इन्दौर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती मंगलेश मनोज पटेल |
| **संतान-** | 1 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए., एल-एल.बी.(द्वितीय वर्ष) |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | क्रिकेट, वालीवॉल, बास्केट बॉल, समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | 61,पिपल्याराव, जिला-इन्दौर (म.प्र.)<br>मो.9425802222, 9575022222, 9425059559<br>ई-मेल-manoj.patel@mpvidhansabha.nic.in |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

1997-98 में भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य. 1999-2000 में जिला महामंत्री एवं 2001 से 2004 तक जिला अध्यक्ष. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. सन् 2010-2012 में अखिल भारतीय जनता युवा मोर्चा की कार्यकारिणी के सदस्य. सन् 2012 से वर्तमान तक भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश की कार्यकारिणी के सदस्य. अध्यक्ष, सार्वभौम श्री चौबीस अवतार मंदिर ट्रस्ट. सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## पटेल, श्री विवेक

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** वारासिवनी (112)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री एल.डी. पटेल |
| **जन्म तिथि-** | 24 नवम्बर,1970 |
| **जन्म स्थान-** | गोंदिया |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती नंदिनी पटेल |
| **संतान-** | 1 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए., एल.एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | अधिवक्ता, कृषि |
| **अभिरुचि-** | खेल, संगीत, साहित्य |
| **स्थायी पता-** | वार्ड क्रं.-5, हेल्थ क्लब कालोनी, वारासिवनी, जिला-बालाघाट (म.प्र.)<br>मोबाइल-9425436785,7000769211<br>ई-मेल-vivek.patel@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-2, कमरा नं.- 20-21, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1999-2004 तक उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद वारासिवनी. सन् 2004 से 2018 तक नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष. सन् 2014-2019 अध्यक्ष नगर पालिका परिषद वारासिवनी.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## पटेल, श्रीमती सेना महेश

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** जोबट (192)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री लक्ष्मण सिंह डूडवा |
| **जन्म तिथि-** | 10 फरवरी, 1977 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-आगर, जिला-धार |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पति -** | श्री महेश पटेल |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | राजनीति |
| **स्थायी पता-** | म.नं.- 4, पटेल फलिया, बोरखड, आलीराजपुर (म.प्र.) 457893 मोबाइल-7089190592<br>ई-मेल-sena.patel@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवारिक खण्ड-2, कमरा नं. 17, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



**पटैल, श्री लखन**

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** पथरिया (54)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री बाबूलाल पटैल |
| **जन्म तिथि-** | 1 अप्रैल,1957 |
| **जन्म स्थान-** | दमोह |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती उर्मिला पटैल |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.एस-सी. (कृषि) विस्तार |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | खेल, सामाजिक गतिविधियॉ |
| **स्थायी पता-** | पलंदी चौराहा, जिला-दमोह (म.प्र.) 470661<br>मोबाइल-9425095703,8959900704<br>ई-मेल-lakhan.patel@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-17, 74 बंगले, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

बीस वर्ष तक भारतीय स्टेट बैंक में कृषि अधिकारी के पद पर कार्य. सन् 2006 से जनवरी, 2014 तक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दमोह के अध्यक्ष. राज्य स्तरीय बैडमिंटन खिलाडी एवं विश्वविद्यालय स्तर पर हॉकी खिलाड़ी रहे. सन् 2013 में पहली बार चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति** - राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आनंद.



# पटैरिया, श्री अरविन्द

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** राजनगर (50)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री रघुवर दयाल पटैरिया |
| **जन्म तिथि-** | 26 दिसम्बर,1980 |
| **जन्म स्थान-** | छतरपुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती प्रियंका पटैरिया |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | स्नातक |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | सत्य की मढिया, रनैफाल रोड, राजनगर,जिला-छतरपुर (म.प्र.) मोबाइल-9893430381 ई-मेल arvind.pateriya@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | ई-9, एच-2, चार इमली, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## पटैरिया, श्री बृजबिहारी

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** देवरी (38)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री शंकरलाल पटैरिया |
| **जन्म तिथि-** | 27 फरवरी, 1961 |
| **जन्म स्थान-** | सागर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती अनिता पटैरिया |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | स्नातक |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | हिन्दी साहित्य, कृषि एवं सहकारिता, खेल संगीत |
| **स्थायी पता-** | ग्राम-बिजौरा, पोस्ट-रामपुर, कर्नल लांमा ऑटो हाउस (गौरझामर), तहसील-देवरी, जिला-सागर (म.प्र.) दूरभाष- (07582) 23358/22007 मो.-7746039999, 7067191818 ई-मेल-brijbihari.p@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | 34, फेस- 2, रेवेरा टाउन, भोपाल (म.प्र.) 462003 विधायक विश्राम गृह,खण्ड-1,कमरा नं.76-77, भोपाल |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1977 से कांग्रेस के सक्रिय सदस्य. सन् 1983-1987 में मध्यप्रदेश पंचायती राज्य अधिकार समिति के सदस्य. सन् 1984-1993 में ग्राम पंचायत खामखेड़ा के सरपंच. सन् 1986 से 1992 तक कृषि उपज मंडी समिति देवरी एवं नेहरू युवा मंडल, देवरी के अध्यक्ष. सन्. 1992-1995 में जिला कांग्रेस सेवादल, सागर के कोषाध्यक्ष. सन् 1992-1996 में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवरी के अध्यक्ष. सन् 1997 से वर्तमान तक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, सागर के अध्यक्ष. सन् 1998 में पहली बार ग्यारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## पण्ड्या, श्री जितेन्द्र उदयसिंह

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** बड़नगर (218)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री उदय सिंह पण्ड्या |
| **जन्म तिथि-** | 21 अक्टूबर,1976 |
| **जन्म स्थान-** | सौहड़ |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती प्रज्ञा पण्ड्या |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हायर सेकेण्डरी |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | 30, सेवा सदन, शिवाजी पथ, बड़नगर, जिला-उज्जैन (म.प्र.) 456771<br>मोबाइल-9893012067, 8770213104<br>ई-मेल- jitendrapandyamla@gmail.com<br>jitendra.pandya@mpvidhansabha.nic.in |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# पंडाग्रे, डॉ. योगेश

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** आमला (130)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री श्रवण पंडाग्रे |
| **जन्म तिथि-** | 30 जून,1977 |
| **जन्म स्थान-** | बैतूल |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती संजू पंडाग्रे |
| **संतान-** | 1 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.बी.बी.एस., एम.डी. |
| **व्यवसाय-** | चिकित्सा |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | संजीवनी हॉस्पिटल चंद्रशेखर वार्ड-15, जिला-बैतूल (म.प्र.) मोबाइल-9425002630 ई-मेल-yogesh.pandagre@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-3, कमरा नं. 50-51-52 भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी सदस्य. भा.ज.पा. चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह-संयोजक. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के बैतूल ब्रांच के सचिव. सन् 2018 में पहली बार पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## परमार, श्री इन्दर सिंह
**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** शुजालपुर (168)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री भैरू लाल जी |
| **जन्म तिथि-** | 1 अगस्त,1964 |
| **जन्म स्थान-** | पोचानेर, तहसील कालापीपल |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती सुमन परमार |
| **संतान-** | 1 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.एस.सी., एल.एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | सामाजिक कार्य |
| **स्थायी पता-** | 11, श्रीनगर, शुजालपुर मण्डी, जिला-शाजापुर (म.प्र.) 465333 मोबाइल- 9424040123 ई-मेल-is.parmar@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-4, श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.) दूरभाष (0755) 2446227, 2571875 |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

छात्र जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् में संगठन मंत्री का दायित्व (उज्जैन संभाग). छात्र जीवन में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़कर सामाजिक कार्यों में संलग्न. भा.ज.पा. के जिला महामंत्री एवं प्रदेश मंत्री. सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. विधान सभा की याचिका एवं प्राक्कलन समिति तथा शासन की चिकित्सा शिक्षा सलाहकार समिति के सदस्य. सन् 2018 में दूसरी बार पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.दिनांक 2 जुलाई,2020 को राज्यमंत्री पद की शपथ तथा राज्यमंत्री, स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार), सामान्य प्रशासन विभाग रहे.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति -** मंत्री, उच्च शिक्षा, आयुष, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार (केवल तकनीकी शिक्षा)

## परमार, श्री महेश
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** तराना (214)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री मांगीलाल परमार |
| **जन्म तिथि-** | 20 मई,1979 |
| **जन्म स्थान-** | उज्जैन |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती संगीता परमार |
| **संतान-** | 4 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए, एल-एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | (1) ग्राम-कदवाली, तहसील-घटिया, जिला-उज्जैन (म.प्र.) (2) ग्राम-पिपलई, तहसील-घटिया, जिला-उज्जैन (म.प्र.) मोबाइल- 9826047177, 8839349377, 6262947177 ई-मेल- mahesh.parmar@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नवीन पारिवारिक परिसर-ब, कमरा नं.8, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

तीन बार जिला पंचायत सदस्य. जिला पंचायत अध्यक्ष, उज्जैन. सन् 2018 में पहली बार पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# परिहार, श्री दिलीप सिंह
**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** नीमच (229)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री ठाकुर हरि सिंह परिहार |
| **जन्म तिथि-** | 17 दिसम्बर,1957 |
| **जन्म स्थान-** | नीमच |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती सुचित्रा सिंह परिहार |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए., एल-एल.बी., बी.एड. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | खेल, शिक्षा, समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | 16 सरदार मोहल्ला, नीमच सिटी, जिला-नीमच (म.प्र.) मोबाइल-9425106280, 9617780040 ई-मेल-dilip.parihar@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवारिक खण्ड-1, कमरा नं.15, भोपाल (म.प्र.) |

## सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवक, तृतीय वर्ष शिक्षण एवं तीन वर्ष तक जिला सह कार्यवाह. महाविद्यालयीन छात्र संघ के उपाध्यक्ष. अंतर विश्वविद्यालय फुटबाल एवं एथलेटिक्स टीम में दो बार प्रतिनिधित्व. जिला फुटबाल समिति के संरक्षक. विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष. बजरंग दल विभाग संयोजक एवं प्रांतीय टीम के सदस्य. धर्म जागरण मंच के जिला संयोजक.

भा.ज.पा. के सक्रिय सदस्य. शिशु मंदिर जिला सदस्य. ग्राम भारती शिक्षण समिति के जिला सचिव, गौ-रक्षा समिति सदस्य. वर्ष 1984 में गौ रक्षा आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका. राम जन्म भूमि आंदोलन में दो बार जेल यात्रा. कार सेवा वर्ष 1990 एवं 1992 में वाहिनी प्रमुख. मेवाड़ क्षत्रिय महासभा के प्रतिनिधि. महाराणा प्रताप जयंती महोत्सव के संस्थापक एवं संयोजक. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. लोक लेखा समिति के सदस्य. भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच के तीन बार अध्यक्ष. माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल के सदस्य. भा.ज.पा. की प्रदेश कार्य समिति के तीन बार सदस्य. सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. प्राक्कलन एवं सरकारी उपक्रम समिति के सदस्य. म.प्र. खेल एवं युवक कल्याण विभाग की समिति के सदस्य. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में चौथी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# पवार, श्रीमती गायत्री राजे
**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** देवास (171)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री एस. के. महाडिक |
| **जन्म तिथि-** | 27 मार्च,1965 |
| **जन्म स्थान-** | ग्वालियर (म.प्र.) |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पति-** | स्व. श्री तुकोजीराव पवार |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.एस.सी. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरूचि** | किताबें पढ़ना |
| **स्थायी पता-** | 197, आनंद भवन पैलेस, देवास, जिला-देवास (म.प्र.) 455001 दूरभाष-(07272) 255555 मोबाइल-9826055552 ई-मेल-gayatri.raje@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | ई-11/11, चार इमली, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

नवम्बर 2015 के उप चुनाव में पहली बार चौदहवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित एवं सदस्य के रूप में दिनांक 7 दिसंबर, 2015 को शपथ ग्रहण की. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# पंवार, श्री नारायण सिंह

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** ब्यावरा (161)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री मेहताब सिंह जी |
| **जन्म तिथि-** | 15 जुलाई,1957 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-सेमला पार |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती रामेश्वरी देवी |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.काम. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्य करना |
| **स्थायी पता-** | स्वरूप नगर, बस स्टेण्ड के पीछे, ब्यावरा, जिला-राजगढ़ (म.प्र.) 465674<br>मोबाइल-9425037566,9826760053<br>ई-मेल- mlabiaora66@gmail.com<br>narayanpanwar@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-20, चार इमली, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

जनपद पंचायत ब्यावरा के 1984 से 1990 तक अध्यक्ष रहे. 1990 से 1992 तक एवं 1992 से 1994 तक दो कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रहे. अखिल भारतीय सौंधिया समाज राष्ट्रीय के प्रान्ताध्यक्ष लगभग बीस वर्ष रहे. वर्तमान में सौंधिया समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष. सन् 2013 में प्रथम बार चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति** -राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास.



## पाटीदार, श्री बालकृष्ण
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** खरगोन (185)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री बाऊजी पाटीदार |
| **जन्म तिथि-** | 5 अगस्त,1953 |
| **जन्म स्थान-** | टेमला,जिला-खरगोन |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती शिवकौर पाटीदार |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | मैट्रिक |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | कृषि एवं समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | ग्राम व पोस्ट टैमला,जिला-खरगोन (म.प्र.) 451001 दूरभाष - (07282) 235485 मोबाइल-9425087113 ई-मेल-bk.patidar@mpvidhansabha.nic.in |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

विगत उन्तीस वर्ष से पाटीदार समाज के जिला अध्यक्ष. 1990-1993 में मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम के संचालक. 1992-1993 में कृषि उपज मंडी समिति खरगोन के अध्यक्ष. 2000-2005 में भा.ज.पा. के जिला अध्यक्ष. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी बोर्ड के सदस्य. सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## पाठक, श्रीमती रीती

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** सीधी (77)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री रामकरण देव पाण्डे |
| **जन्म तिथि-** | 1 जुलाई,1977 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-खटखरी, जिला-सिंगरौली |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पति -** | श्री रजनीश पाठक |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए., एल.एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | एडवोकेट |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा, पढ़ना |
| **स्थायी पता-** | एफ-48,नियर फारेस्ट आफिस,कोतवाली रोड़, सीधी 486661 मो.9755653375,7771962777 ई-मेल-riti.pathak@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | डी-21, उपान्त कालोनी, चार इमली,भोपाल |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

मई 2014 में सोलहवीं लोक सभा की सदस्य निर्वाचित. लोक सभा की कोयला और इस्पात, महिला सशक्तिकरण तथा लोक लेखा समिति की सदस्य तथा ग्रामीण विकास, पंचायती राज, पेय जल स्वच्छता विभाग की सलाहकार समिति की सदस्य रहीं. मई 2019 में दूसरी बार सत्रहवीं लोक सभा की सदस्य निर्वाचित.लोक सभा की कोयला, खान और इस्पात, महिला सशक्तिकरण समिति की सदस्य तथा ऊर्जा एवं नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की सलाहकार समिति की सदस्य रहीं. 6 दिसम्बर 2023 को लोक सभा की सदस्यता से त्याग पत्र.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## पाठक, श्री विश्वामित्र
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** सिहावल (78)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री रामप्यारे पाठक |
| **जन्म तिथि-** | 1 अगस्त, 1954 |
| **जन्म स्थान-** | मु.सुपेला, जिला-सीधी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती हीराकली पाठक |
| **संतान-** | 2 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हायर सेकेण्डरी |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | भ्रमण, जन समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | ग्राम-सुपेला, पोस्ट-जियावन, तहसील-देवसर, जिला-सीधी-सिंगरौली (म.प्र.) दूरभाष-(07801) 282240, 282228 मोबाइल-9425179508,9893827670 ई-मेल-vishwamitra.p@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवारिक खण्ड- 1, कमरा नं. 12, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1978-2000 तक सरपंच. 2005 में जनपद पंचायत देवसर के सदस्य तदनंतर अध्यक्ष. सन् 2008 में पहली बार तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## पाठक, श्री संजय सत्येन्द्र

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** विजयराघवगढ़ (92)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री सत्येन्द्र पाठक |
| **जन्म तिथि-** | 31 अक्टूबर, 1970 |
| **जन्म स्थान-** | जबलपुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती निधि पाठक |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | स्नातकोत्तर (राजनीति) |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | गरीबों की सेवा और इलाज, निर्धन कन्याओं का विवाह एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा हेतु मदद, वृद्धजनों को वृद्धाश्रम के माध्यम से सेवा, सहायता एवं उनकी देखभाल कराना, वन भ्रमण, पर्यावरण एवं स्वच्छता के क्षेत्र एवं वनों की सुरक्षा में सहयोग करना,धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन |
| **स्थायी पता-** | पाठक वार्ड, कटनी (म.प्र.) दूरभाष-(07622) 401970 फ़ैक्स-(07622) 403495<br>मोबाइल-9300110888, 9009118888<br>ई-मेल-sanjay.pathak@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | सी-26, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1989 से छात्र राजनीति में सक्रिय. 1991 में जिला युवक कांग्रेस ग्रामीण जिला जबलपुर के महामंत्री. 1996 में जिला कांग्रेस कमेटी कटनी के महामंत्री. 2000-2005 में जिला पंचायत कटनी के अध्यक्ष. 2008 में म.प्र.

कांग्रेस के महासचिव. अनेक आंदोलनों का नेतृत्व. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा में प्रथम बार सदस्य निर्वाचित. 2013 में उत्तराखण्ड/केदारनाथ त्रासदी में राहत कार्य के दौरान सैकड़ों लोगों की जान बचाये जाने पर उत्तराखण्ड के राज्यपाल द्वारा सम्मानित. जनवरी 2013 में भारतीय छात्र संसद द्वारा पुणे में "भारत के आदर्श युवा विधायक पुरस्कार, 2013" से सम्मानित. सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा में इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से दूसरी बार सदस्य निर्वाचित एवं दिनांक 31 मार्च, 2014 को सदस्यता से त्याग पत्र. अगस्त 2014 के उप चुनाव में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की ओर से पुन: सदस्य निर्वाचित. सदस्य के रूप में दिनांक 8 दिसम्बर, 2014 को शपथ ग्रहण की तदनंतर 30 जून 2016 से 13 दिसम्बर 2018 तक राज्यमंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (स्वतंत्र प्रभार), उच्च शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग रहे. सन् 2018 में चौथी बार पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण, संपूर्ण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों जिसमें 12 ज्योर्तिलिंग, चारों धाम, 9 देवी पीठ, अयोध्या मंदिर सहित भगवान परशुराम की अष्टधातु की 108 फुट ऊंची प्रतिमा आदि का निर्माण. एक ही परिसर विजयराघवगढ़, जिला कटनी में प्रस्तावित "हरिहर तीर्थ" जिसकी आधार शिला 12 जून 2023 को रखी गई तथा शीघ्र निर्माण हेतु कृत संकल्पित.

सन् 2023 में पांचवी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# पाण्डे, श्री प्रणय प्रभात

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** बहोरीबंद (94)




| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व.श्री प्रभात पाण्डे |
| **जन्म तिथि-** | 5 नवम्बर,1978 |
| **जन्म स्थान-** | जबलपुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती अंजना पाण्डे |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए. |
| **व्यवसाय-** | ट्रांसपोर्ट एवं कृषि |
| **अभिरुचि-** | राजनीति एवं समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | (1) ग्राम-सिमरापटी, पोस्ट बहोरीबंद तहसील बहोरीबंद, जिला-कटनी (म.प्र.) (2) मगनकुटी, पहरेवा, सिहोरा, जिला-जबलपुर (म.प्र.) मोबाइल-9826605763, 9425151363 ई-मेल-pranay.pandey@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-3, कमरा नं. 23-24-25 भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

पितामह स्व. श्री काशीप्रसाद पाण्डे, मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष एवं पिता स्व. श्री प्रभात पाण्डे, पूर्व सदस्य विधान सभा के राजनैतिक एवं समाजसेवी परिवार की चौथी पीढी के सदस्य. सन् 2018 में पहली बार पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# पाण्डेय, डॉ. अभिलाष

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** जबलपुर उत्तर (98)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री कामता प्रसाद पाण्डेय |
| **जन्म तिथि-** | 26 जुलाई,1983 |
| **जन्म स्थान-** | जबलपुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती कीर्ति शुक्ला |
| **संतान-** | 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.एस.सी. (कम्प्यूटर सांईस), बेचलर ऑफ जर्नलिजम, एम.आई.बी. (मास्टर ऑफ इन्टरनेशनल बिजनेस), एल.एल.बी., एम.ए. (अर्थशास्त्र), पी.एच.डी. (अर्थशास्त्र) |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | कचनार सिटी गेट, जे.डी.ए. विला नं. 7, विजय नगर, जिला-जबलपुर (म.प्र.)<br>मोबाइल-9425161218 ई-मेल-<br>abhilash.pandey@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नवीन पारिवारिक परिसर-अ, कमरा नं.- 5, भोपाल (म.प्र.) |

सन् 2000 से 2002 तक महानगर सहमंत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, सन् 2002 से 2003 तक विश्वविद्यालय संयोजक, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद. सन् 2004 से 2006 में प्रदेश सहमंत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद. सन् 2006 से 2009 तक प्रदेश मंत्री, अखिल भारतीय

विद्यार्थी परिषद महाकौशल राज्य. सन् 2009 से 2010 तक राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद. सन् 2010 से 2013 में भारतीय जनता युवा मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष. सन् 2013 से 2016 में प्रदेश महामंत्री, भारतीय जनता युवा मोर्चा. सन्. 2016 से 2021 तक प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा. सन् 2021 से 2023 तक रेल्वे बोर्ड मेंबर, भारत सरकार (पी.ए.सी.) कमेटी.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# पाण्डेय, डॉ. राजेन्द्र
**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** जावरा (222)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. डॉ. लक्ष्मी नारायण पाण्डेय |
| **जन्म तिथि-** | 11 नवम्बर,1960 |
| **जन्म स्थान-** | जावरा |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती रश्मि पाण्डेय |
| **संतान-** | 2 पुत्र,1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.कॉम., डी.एच.बी., फार्मासिस्ट, आयुर्वेद रत्न, वैद्य विषारद |
| **व्यवसाय-** | चिकित्सा, कृषि |
| **अभिरुचि-** | गीत-संगीत, नृत्य, खेलकूद, धार्मिक कार्य, जनसेवा |
| **स्थायी पता-** | 15, पुराना अस्पताल मार्ग, जावरा, जिला-रतलाम (म.प्र) 457226 दूरभाष-(07414) 220245, 220524 मोबाइल 9425103130, 9524503130 ई-मेल-rajendra.pandey@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नवीन पारिवारिक परिसर-स, कमरा नं. 4, भोपाल (म.प्र) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

भा.ज.यु. मोर्चा रतलाम के पूर्व जिलाध्यक्ष. शासकीय भगत सिंह महाविद्यालय जावरा के छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष. दूरसंचार सलाहकार समिति रतलाम के पूर्व सदस्य. म.प्र. बास्केटबाल एसोसिएशन के प्रदेश

उपाध्यक्ष. जिला बास्केटबाल संघ रतलाम के अध्यक्ष. जिला बाडी बिल्डिंग एसोसिएशन रतलाम एवं महावीर व्यायाम शाला जावरा के संरक्षक. वेणु गोपाल पाठशाला समिति जावरा के मानद सदस्य. संस्कृति संगम जावरा की कार्यकारिणी, लायंस क्लब. अध्यक्ष, गीता भवन ट्रस्ट एवं आदर्श युवक मंच जावरा के सदस्य. भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश में पूर्व प्रदेश मंत्री, पूर्व जिलाध्यक्ष. प्रदेश कार्यकारिणी समिति के सदस्य. जिला रतलाम भाजपा. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. मध्यप्रदेश भा.ज.पा. की प्रदेश कार्य समिति के सदस्य. सन् 2013 में चौदहवीं तथा सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में चौथी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# पारधी, श्री गौरव सिंह

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** कटंगी (113)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री मोहन सिंह पारधी |
| **जन्म तिथि-** | 11 मई, 1979 |
| **जन्म स्थान-** | भोपाल |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती हर्षा पारधी |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ई., एम.बी.ए. |
| **व्यवसाय-** | सलाहकार एवं कृषि |
| **अभिरुचि-** | रीडिंग |
| **स्थायी पता-** | ग्राम-अनसेरा, पोस्ट-जराहमोहगांव, जिला बालाघाट (म.प्र.)<br>मोबाइल- 6260467660, 9424441118<br>ई-मेल-gaurav.pardhi@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

अधोसंरचना विशेषकर ऊर्जा के क्षेत्र में, शहरी विकास एवं कचरा प्रबंधन का दीर्घकालीन अनुभव.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## **पैंची, श्रीमती प्रियंका**

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** चाचौड़ा (30)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री बाबू लाल मीना |
| **जन्म तिथि-** | 2 अगस्त,1991 |
| **जन्म स्थान-** | जयपुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पति -** | श्री प्रदुमन मीना |
| **संतान-** | 1 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.टेक. |
| **व्यवसाय-** | गृहणी |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा, खाना बनाना, नृत्य |
| **स्थायी पता-** | (1) हाऊस नं.-79, महावीर मंदिर बाजार, पैंची, जिला-गुना (म.प्र.) (2) ग्राम व पो. पैंची, तहसील-चाचौड़ा, जिला-गुना (म.प्र.) 473115<br>मोबाइल - 9821877582, 7000062732,<br>ई-मेल- prjay91@gmail.com<br>priyanka.penchi@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | डी-11/2, चार इमली, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

अप्रैल, 2023 से जिला मंत्री, भा.ज.पा.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# प्रजापति, इंजीनियर नरेन्द्र
**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** मनगवां (73)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री बी.पी. प्रजापति |
| **जन्म तिथि-** | 25 अक्टूबर,1976 |
| **जन्म स्थान-** | रीवा (ग्राम-डगडौआ नं.1) |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती रामलता प्रजापति (चक्रवर्ती) |
| **संतान-** | 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | केन्द्रीय विद्यालय रीवा (प्राथमिक से इंटरमिडियेट तक), बी.ई. (मैकेनिकल ब्रांच) जी.ई.सी. रीवा |
| **व्यवसाय-** | कृषि, प्रापर्टी डिलिंग |
| **अभिरुचि-** | गाने गाना, समाज सेवा, पढ़ाना |
| **स्थायी पता-** | म.न.-156, वार्ड-15, संजय नगर, जिला-रीवा (म.प्र.) 486001<br>मोबाइल-9425846895,9171251076<br>ई-मेल-narendra.p@mpvidhansabha.nic.in<br>narendra2576.np@gmail.com |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह खण्ड-3,कमरा नं.62,63,87 भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

बाल स्वयंसेवक (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ). शाखा का नाम- शिवाजी तरूण व्यवसायी. दायित्व-शाखा में मुख्य शिक्षक एवं नवांचल जिला संयोजक. प्राथमिक प्रशिक्षित प्रथम एवं द्वितीय संघ शिक्षा वर्ग में व्यवस्था के दायित्व का निर्वहन.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## बघेल, श्री सुरेन्द्र सिंह हनी
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** कुक्षी (198)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री प्रताप सिंह बघेल |
| **जन्म तिथि-** | 17 मार्च,1977 |
| **जन्म स्थान-** | बड़ौदा (गुजरात) |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती शिल्पा बघेल |
| **संतान-** | 1 पुत्र,1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.कॉम. |
| **व्यवसाय-** | कृषि व व्यापार |
| **अभिरुचि-** | ग्रामीण विकास, सामाजिक कार्य, साहित्य अध्ययन, बॉस्केट बॉल, हॉकी, क्रिकेट |
| **स्थायी पता-** | (1) बघेल भवन, 125, कुक्षी-अलीराजपुर मार्ग, सिविल कोर्ट के सामने, कुक्षी, जिला-धार (म.प्र.) (2)108, पटेलपुरा, ग्राम पोस्ट तलावड़ी, तह.कुक्षी, जिला-धार (म.प्र.) मोबाइल-9425357942, 6232162930 ई-मेल-surendra.baghel@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह,नवीन पारिवारिक परिसर-स,कमरा नं.- 1, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

1994 में एन.सी.सी. एयरविंग बेस्ट केडेट. 1996 में स्कूल बास्केटबॉल टीम का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व. 2008 में मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव. 2008 में धार जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष. 2011 में युवा

कांग्रेस लोकसभा उपाध्यक्ष. सन् 2013 में चौदहवीं तथा सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. दिनांक 29 दिसम्बर, 2018 से 20 मार्च, 2020 तक मंत्री, नर्मदा घाटी विकास एवं पर्यटन विभाग रहे.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**बच्चन, श्री बाला**
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**
**निर्वाचन क्षेत्र-** राजपुर (188)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री रामसिंह बच्चन |
| **जन्म तिथि-** | 13 जुलाई,1964 |
| **जन्म स्थान-** | कासेल, जिला-बड़वानी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती प्रवीणा बच्चन |
| **संतान-** | 1 पुत्र,1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ई. (इलेक्ट्रोनिक्स) |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | लॉन टेनिस |
| **स्थायी पता-** | ग्राम कासेल, तहसील राजपुर, जिला-बड़वानी (म.प्र.) 451447<br>मोबाइल-9993119999, 9425010299 ई-मेल-bala.bachchan@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-3, कमरा नं. 54-55-56, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

विद्यार्थी जीवन से ही राजनीति में सक्रिय. मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस (अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ) के प्रदेश अध्यक्ष, मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के महासचिव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य. अखिल भारतीय युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव. सन् 1993 में दसवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. सन् 1998 में ग्यारहवीं

विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं राज्य मंत्री आदिम जाति कल्याण विभाग तदनंतर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवक कल्याण और मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण रहे. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रभारी महाराष्ट्र राज्य. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल के महासचिव. थ्रोबॉल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष. अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त सचिव. सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं कार्यवाहक नेता प्रतिपक्ष रहे.कार्यकारी अध्यक्ष म.प्र. कांग्रेस कमेटी. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. दिनांक 29 दिसम्बर, 2018 से मंत्री गृह,जेल, मुख्यमंत्री से संबद्ध तदनंतर दिनांक 20 मार्च, 2020 तक मंत्री, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार तथा लोक सेवा प्रबंधन विभाग रहे.

सन् 2023 में छटवीं बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## बरडे, श्री श्याम

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** पानसेमल (189)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री कचरूमल बरडे |
| **जन्म तिथि-** | 6 जुलाई,1976 |
| **जन्म स्थान-** | रामपुरा |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती निर्मला श्याम बरडे |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए.(हिन्दी साहित्य) |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा, शिक्षा के क्षेत्र में |
| **स्थायी पता-** | वार्ड क्रमांक-6, दीनदयाल कॉलोनी, जल गोन रोड, पानसेमल, जिला-बड़वानी (म.प्र.) मोबाइल-9424575077 ई-मेल- shyam.barde@mpvidhansabha.nic.in |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## बरैया, श्री फूलसिंह
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**
**निर्वाचन क्षेत्र-** भाण्डेर (21)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री जगन्नाथ सिंह बरैया |
| **जन्म तिथि-** | 5 अक्टूबर, 1962 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-चंदन सिंह का पुरा, तहसील-मेहगांव, जिला-भिण्ड |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती शकुन्तला बरैया |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ई. |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं व्यापार |
| **अभिरुचि-** | बहुजन समाज एवं शोषितों की सेवा |
| **स्थायी पता-** | 20-न्यू जीवाजी नगर, जिला-ग्वालियर (म.प्र.)<br>मोबाइल-7000150055<br>ई-मेल- phool.baraiya@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-2, 74 बंगले, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

बहुजन समाज पार्टी के केन्द्रीय कार्यकारिणी के सदस्य. सन् 1998 में पहली बार ग्यारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## बागरी, श्रीमती प्रतिमा
**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** रैगांव (62)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री जयप्रताप बागरी |
| **जन्म तिथि-** | 20 जुलाई, 1988 |
| **जन्म स्थान-** | सतना |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पति -** | डॉ. संदीप बागरी |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | पोस्ट ग्रेज्यूएट |
| **व्यवसाय-** | बिजनेस एवं कृषि |
| **अभिरुचि-** | स्पोटर्स, आर्ट एवं क्राफ्ट |
| **स्थायी पता-** | 72 बडी अमदरी ग्राम-अमदरी उचेहरा, सतना (म.प्र.) मोबाइल-9522410090,9131039653 ई-मेल-pratima.bagri@mpvidhansabha.nic.in pratimasinghbagri@gmail.com |
| **स्थानीय पता-** | डी- 4, (74 बंगले), स्वामी दयानंद नगर,भोपाल |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2013 से भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय कार्यकर्ता, महिला मोर्चा में. सन् 2017 में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला महामंत्री पद पर कार्य. सन् 2018 में राष्ट्रीय सेविका समिति का प्रथम वर्ग का प्रशिक्षण प्राप्त किया. सन् 2021 में भारतीय जनता पार्टी, सतना जिला महामंत्री के पद पर कार्य. सन् 2021 में भारतीय जनता पार्टी उप चुनाव रैगांव विधान सभा क्षेत्र से प्रत्याशी रही.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति -** राज्यमंत्री, नगरीय विकास एवं आवास.



# बाल्मीक, श्री सोहनलाल

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** परासिया (127)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री श्यामलाल बाल्मीक |
| **जन्म तिथि-** | 29 अगस्त,1963 |
| **जन्म स्थान-** | चांदामेटा |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती राधा बाल्मीक |
| **संतान-** | 3 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए. (प्रथम वर्ष) |
| **अभिरुचि-** | फुटबाल, बालीबाल, कुश्ती |
| **स्थायी पता-** | वार्ड क्र. 19, चांदामेटा चर्च के पास, तहसील-परासिया, जिला-छिन्दवाड़ा (म.प्र.) मोबाइल-9424784666 ई-मेल-sohanlal.balmik@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-2, कमरा नं. 35-36-37, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

वेस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड में कार्य. सन् 1984 में एन.एस.यू.आई. छिंदवाड़ा के जिला महामंत्री. सन् 2003 से 2013 तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया के अध्यक्ष. सन् 2009 से राष्ट्रीय कोयला खदान मजदूर संघ पेंच/कन्हान के महामंत्री. सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. अध्यक्ष, इंटक संघ. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## बिरला, श्री सचिन

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** बड़वाह (182)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री अमराजी बिरला |
| **जन्म तिथि-** | 12 दिसम्बर,1979 |
| **जन्म स्थान-** | खरगोन |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती जयश्री बिरला |
| **संतान-** | 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.कॉम. |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं व्यापार |
| **अभिरुचि-** | क्रिकेट, समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | 387,ग्राम-डूडगांव,तह.सनावद,जिला-खरगोन (म.प्र.) मोबाइल-9826535981 ई-मेल-sachin.birla@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | ई-187/2, प्रोफेसर कालोनी, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2018 में पहली बार पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित तथा दिनांक 22 नवम्बर, 2023 को विधान सभा की सदस्यता से त्याग पत्र.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## भगत, श्री मधु
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**
**निर्वाचन क्षेत्र-** परसवाड़ा (110)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री राम दयाल भगत |
| **जन्म तिथि-** | 6 अक्टूबर,1965 |
| **जन्म स्थान-** | सिवनी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती भावना भगत |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हायर सेकेण्डरी |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | सर्व समाज सेवा |
| **स्थायी पता-** | ग्राम-चरेगांव (लामटा), तहसील एवं जिला- बालाघाट (म.प्र.) मोबाइल-9752809999, 6260504415 ई-मेल- madhu.bhagat@mpvidhansabha.nic.in, mahubhagat07@gmail.com |
| **स्थानीय पता-** | डी 102/19, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2013 में पहली बार चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.




**भँवरा, श्री मुरली**
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** बागली (174)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री बनेसिंह जी भँवरा |
| **जन्म तिथि-** | 4 सितम्बर,1979 |
| **जन्म स्थान-** | बागली |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती ललिता भँवरा |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए.(अंग्रेजी), डी.एल.एड. |
| **व्यवसाय-** | पूर्व प्राचार्य (शिक्षक) |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | वार्ड नं.-5, गांधी कालोनी, बागली, जिला-देवास (म.प्र.) मोबाइल-8120026006 ई-मेल- murli.bhawara@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-3, कमरा नं.- 66-67-68, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शैक्षिक अनुसांगिक संगठन विद्या भारती में 24 वर्षों तक शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# भार्गव, श्री गोपाल
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** रहली (39)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री शंकरलाल भार्गव |
| **जन्म तिथि-** | 1 जुलाई,1952 |
| **जन्म स्थान-** | गढ़ाकोटा, जिला-सागर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती रेखा भार्गव |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 3 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.एस-सी., एम.ए., एल-एल.बी |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं सिनेमा व्यवसाय |
| **अभिरुचि-** | ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण, साधनहीन वर्ग की सेवा |
| **स्थायी पता-** | मकान नं. 24, भगत सिंह वार्ड, गढ़ाकोटा, जिला-सागर (म.प्र.) दूरभाष- (07585) 258401, 258277 मोबाइल-9425171242 फ़ैक्स-(07585) 258401 ई-मेल-gopal.bhargava@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-1 (74 बंगले),स्वामी दयानंद नगर,भोपाल(म.प्र.) |

## सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

विद्यार्थी जीवन से छात्र राजनीति में सक्रिय. 1970-73 में सागर विश्वविद्यालय छात्र संघ में विभिन्न पदों पर रहे. 1980-82 में नगर पालिका परिषद गढ़ाकोटा के अध्यक्ष. छात्रों, बीड़ी मजदूरों एवं किसानों के अनेक आंदोलनों में भाग लिया तथा जेल यात्राएं. 1985 में आठवीं, 1990 में नौवीं, 1993 में दसवीं एवं 1998 में ग्यारहवीं विधान सभा के सदस्य

निर्वाचित. विधान सभा की लोक लेखा, सार्वजनिक उपक्रम, प्राक्कलन समिति के सदस्य तथा प्रश्न एवं संदर्भ समिति के सभापति रहे. भा.ज.पा. जिला सागर के अध्यक्ष रहे. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं मंत्री कृषि, राजस्व, सहकारिता, धार्मिक न्यास व धर्मस्व, पुनर्वास, खाद्य-नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण रहे. मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मण्डी बोर्ड), मध्यप्रदेश एग्रो इण्डस्ट्रीज डेव्लपमेंट कार्पोरेशन, मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम (सीड कार्पोरेशन), मध्यप्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, मध्यप्रदेश स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बीज उत्पादक एवं विपणन संघ के संस्थापक अध्यक्ष. प्राधिकृत अधिकारी मध्यप्रदेश राज्य सहकारी आवास संघ. 2008 में तेरहवीं विधानसभा के सदस्य निर्वाचित एवं मंत्री पंचायत और ग्रामीण विकास तथा सामाजिक न्याय विभाग रहे. सन् 2013 में सातवीं बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित तदनंतर मंत्री, पंचायत और ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण, सहकारिता. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. दिनांक 8 जनवरी, 2019 से 23 मार्च, 2020 तक नेता प्रतिपक्ष, मध्यप्रदेश विधान सभा. दिनांक 02 जुलाई, 2020 को मंत्री पद की शपथ तथा दिनांक 12 जुलाई 2020 से मंत्री, लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग रहे.

सन् 2023 में नौवीं बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित. दिनांक 14.12.2023 से 20.12.2023 तक सामयिक अध्यक्ष, मध्यप्रदेश विधान सभा रहे.



# भार्गव,श्री रमाकांत

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-**बुधनी (156)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री रघुवीर प्रसाद भार्गव |
| **जन्म तिथि-** | 2 अक्टूबर,1953 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम जैत, जिला-सीहोर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती संतोष भार्गव |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हायर सेकेण्डरी |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | कृषि तथा कोआपरेटिव गतिविधियों के माध्यम से कृषकों की सहायता करना |
| **स्थायी पता-** | शाहगंज, तहसील बुधनी, जिला-सीहोर (म.प्र.) 466554 मो. 9425371805<br>ई-मेल-ramakantbhargava4@gmail.com<br>ramakant.bhargava@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-4, चार इमली, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

वर्ष 1994 से 1998 तक जनपद सदस्य, जनपद पंचायत बुधनी. वर्ष 2003 से 2010 तक प्रदेश महामंत्री तथा दिनांक 2 जून 2011 से 2017 तक प्रदेश संयोजक,भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश. दिनांक 27.12.2003 से 4.5.2011 तक अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीहोर. दिनांक 24.4.2007 से 20.3.2018 तक अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) भोपाल. दिनांक 26.6.2007 से 31.7.2013 तक प्रतिनिधि, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली. वर्ष 2008 से 2018 तक विशेष आमंत्रित प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा.

दिनांक 26.2.2009 से 2018 तक संचालक, इंडियन फारमर्स फर्टिलाईजर को-आपरेटिव लिमिटेड (इफको), नई दिल्ली. दिनांक 6.6.2009 से 2018 तक संचालक, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड), नई दिल्ली. दिनांक 14.3.2018 से 17.12.2018 तक प्रशासक, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) भोपाल. वर्ष 2019-2024 में विदिशा से सत्रहवीं लोक सभा के सदस्य रहे.

नवम्बर 2024 के उपचुनाव में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित तथा सदस्य के रूप में दिनांक 16 दिसम्बर 2024 को शपथ ग्रहण की.



# भारती, श्री राजेन्द्र

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** दतिया (22)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री श्याम सुंदर "श्याम" |
| **जन्म तिथि-** | 30 मई, 1958 |
| **जन्म स्थान-** | दतिया |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती शोभा भारती |
| **संतान-** | 2 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए.,एल.एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | वकालत, कृषि |
| **अभिरुचि-** | प्रतियोगिताओं का आयोजन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां, योग, संगीत, खेल |
| **स्थायी पता-** | (1) वार्ड-28, मुडियन का कुंआ, जिला-दतिया (म.प्र.) 475661 (2) 61, सेकण्ड फेस, रिवेरा टाउन, माता मंदिर, भोपाल (म.प्र.)<br>मोबाइल- 6268217256, 9425116762<br>ई-मेल- rajendrabharti9@gmail.com<br>rajendra.bharti@mpvidhansabha.nic.in |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1978 में शासकीय महाविद्यालय दतिया में प्रत्यक्ष प्रणाली से हुए निर्वाचन में महासचिव पद पर निर्वाचित. सन् 1978 में श्रीमती इंदिरा गांधी की गिरफ्तारी के समय अपने पिता स्व. श्री श्याम सुंदर 'श्याम' स्वतंत्रता सेनानी एवं उपाध्यक्ष विंध्य प्रदेश विधान सभा के साथ जेल यात्रा. सन् 1984 से 2000 तक जिला सहकारी भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष. सन्

1985 में आठवी विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं विभिन्न सदन समितियों के सदस्य रहे. सन् 1990-92 एवं 2020 से 2023 तक भा.ज.पा. शासन के विरोध में अनेक बार जेल यात्राएं. सन् 1991 से 1996 तक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष. सन् 1997 से मध्यप्रदेश राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के उपाध्यक्ष. सन् 1997 में सहकारिता के अध्ययन हेतु पेरिस, इंग्लैण्ड, आस्ट्रिया, हालैण्ड, इटली और जर्मनी की यात्रा. श्री श्याम जन सहयोग एवं सामुदायिक विकास संस्थान के माध्यम से अनेक साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल युवक कल्याण, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कार्यों का संचालन. सन् 1998 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

दिनांक 2 अप्रैल 2026 को सदस्यता समाप्त.



# भीमावद, श्री अरूण

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** शाजापुर (167)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री देवी सिंह भीमावद |
| **जन्म तिथि-** | 11 मार्च,1969 |
| **जन्म स्थान-** | शाजापुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती रेखा भीमावद |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.काम. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | सामाजिक, धार्मिक एवं खेलकूद गतिविधियां |
| **स्थायी पता-** | 20, नीमवाड़ी, शाजापुर (म.प्र.)<br>मोबाइल-8839611451,9424028444<br>ई-मेल- arunbhimawad11@gmail.com<br>arun.bhimawad@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवारिक खण्ड-1,<br>कमरा नं.-16, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2013 में पहली बार चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## भूरिया, कुमारी निर्मला
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र -** पेटलावद (195)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री दिलीप सिंह भूरिया |
| **जन्म तिथि-** | 4 जुलाई, 1967 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-माछलिया |
| **वैवाहिक स्थिति-** | अविवाहित |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | स्नातक |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाज सेवा, शिक्षा, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग का उत्थान |
| **स्थायी पता-** | शबरी भवन, माछलिया, जिला-झाबुआ (म.प्र.) मोबाइल 9617903456, 9098245538, 9425101020 ई-मेल- nirmala.bhuriya@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-11, 74 बंगले (स्वामी दयानंद नगर), भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1990 में प्रदेश युवक कांग्रेस की संयुक्त सचिव. सन् 1993 में दसवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित एवं प्राक्कलन समिति की सदस्य. सन् 1994 में मध्यप्रदेश कांग्रेस (इ.) की संयुक्त सचिव. सन् 1998 में भा.ज.पा. युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की सदस्य. सन् 1998 में ग्यारहवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित तथा महिला एवं बाल कल्याण समिति की सदस्य. सन् 1999 में भा.ज.पा. के अनुसूचित जनजाति मोर्चा की

प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भा.ज.पा. की राष्ट्रीय सदस्य निर्वाचित. अन्तर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन में चीन, युवा महोत्सव में क्यूबा और हांगकांग, लंदन, फ्रांस, स्विटरजैण्ड, ऑस्टेलिया, नीदरलैंड, इटली, बैल्जियम, यू.के. और दुबई की यात्रा. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित. सन् 2004 से भा.ज.पा. विधायक दल की मंत्री. सन् 2008 में राज्यमंत्री लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा विभाग रहीं. सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में पांचवी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**सम्प्रति** - मंत्री, महिला एवं बाल विकास.



# भूरिया, डॉ. विक्रांत

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-**झाबुआ(193)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री कांतिलाल भूरिया |
| **जन्म तिथि-** | 24 फरवरी, 1984 |
| **जन्म स्थान-** | भोपाल |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | डॉ. शीना भूरिया |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.बी.बी.एस., एम.एस. जनरल सर्जरी (गोल्ड मेडलिस्ट) |
| **व्यवसाय-** | चिकित्सक |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | 155, गोपाल कालोनी, जिला-झाबुआ (म.प्र.) मोबाइल- 9893090950 ई-मेल- vikrant.bhuria@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | ई-7, 728 अरेरा कालोनी, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2010-11 में प्रदेश अध्यक्ष जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जूडा). सन् 2020 से 2024 तक मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष. मध्य उडान में एक साथी यात्री की जान बचाई-यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उडान के दौरान आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रदान की गई, यह राष्ट्रीय समाचार बन गया और इंडिगों एयरलाइंस ने सार्वजनिक रूप से धन्यवाद दिया.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# भूरिया, श्री वीरसिंह
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** थांदला (194)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री धुलिया भूरिया |
| **जन्म तिथि-** | 3 मार्च,1965 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम खट्टामा, तहसील मेघनगर, जिला-झाबुआ |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती पुनीबाई भूरिया |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 3 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हायर सेकेण्ड्री |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | क्षेत्र का सर्वांगीण विकास |
| **स्थायी पता-** | मकान नं. 72, ग्राम खट्टामा, पोस्ट कचलदरा, तहसील मेघनगर, जिला-झाबुआ (म.प्र.) 457779 दूरभाष-(07392) 290031 मोबाइल-9425102631<br>ई-मेल-veersingh.b@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह,नया पारिवारिक खण्ड-1, कमरा नं. 23, भोपाल (म.प्र.) |

## सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम

पन्द्रह वर्ष सरपंच एवं नौ वर्ष जनपद सदस्य. पांच वर्ष तक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के संचालक, विपणन सहकारी संस्था मेघनगर के संस्थापक. भील समाज सुधार समिति के सदस्य. सन् 2008 में तेरहवीं एवं सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**मण्डलोई, श्री राजन**
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**
**निर्वाचन क्षेत्र-** बड़वानी (190)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री हरेसिंह मण्डलोई |
| **जन्म तिथि-** | 5 जुलाई,1974 |
| **जन्म स्थान-** | आली, कुक्षी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती पल्लवी मण्डलोई |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ई., एम.बी.ए., एम.ए., एल.एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | कृषि, व्यापार |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | एच-70, न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बड़वानी (म.प्र.) मोबाइल-9425090313,9277771111 ई-मेल-rajanhmandloi@gmail.com |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

वर्ष 1999 में पार्षद एवं वर्ष 2004 में अध्यक्ष नगर पालिका बड़वानी से निर्वाचित होकर स्थानीय प्रशासन विभाग में कार्य किया. वर्ष 2005 में सब इंस्पेक्टर, मध्यप्रदेश पुलिस विभाग तथा वर्ष 2006 में सिविल जज वर्ग-2 न्यायिक सेवा, मध्यप्रदेश सहित कई शासकीय सेवा के पदो पर चयनित होने के बावजूद सामाजिक, सार्वजनिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करने की रूचि के चलते शासकीय सेवा में पद धारण नहीं

किया. छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहकर बड़वानी जिले में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एवं युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रहे. उपाध्यक्ष, जिला कांग्रेस बड़वानी. कांग्रेस पार्टी के आम आदमी का सिपाही के प्रदेश समन्वयक. प्रदेश प्रतिनिधि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी, भोपाल एवं महामंत्री, आदिवासी विकास परिषद सहित कांग्रेस पार्टी के कई संगठन में कार्यरत. माननीय राज्यपाल द्वारा वर्ष 2008 से 2013 तक देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के कार्य परिषद के सदस्य के रूप में नामांकित होकर छात्रों एवं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्य में भागीदारी की.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# मरकाम, श्री ओमकार सिंह

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** डिण्डोरी (104)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री ननकू सिंह मरकाम |
| **जन्म तिथि-** | 2 मई,1976 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-बरनई, जिला-डिण्डोरी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती कुसुम मरकाम |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए. (समाज शास्त्र) |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | सांस्कृतिक कार्यक्रम, समाज सुधार, गरीबी उन्मूलन के लिए, मानवता को बचाने तथा सभी को बेहतर शिक्षा मिले उसके लिये प्रयास |
| **स्थायी पता-** | (1) 1, सिविल लाइन्स, जिला-डिण्डोरी (म.प्र.)<br>(2) ग्राम बरनई, पोस्ट रूसा, थाना करंजिया, जिला-डिण्डोरी (म.प्र.)<br>दूरभाष एवं फैक्स-(07644) 234544<br>मोबाइल-9424383999, 9424370544<br>ई-मेल-omkar.singh@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | ई-23, 45 बंगला, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

1996 से नेताजी सुभाषचंद्र बोस समिति, बरनई जिला डिंडोरी के संस्थापक अध्यक्ष. 1998-2002 में आदिवासी विकास परिषद जिला शाखा डिंडोरी के छात्र-छात्रा प्रभाग के अध्यक्ष एवं 2002 से निरंतर युवा प्रभाग

के जिला अध्यक्ष. 1998-2000 में जिला युवा कांग्रेस के महामंत्री. 2001-2003 में ब्लॉक युवा कांग्रेस समानपुर के अध्यक्ष. 2003-2008 में म.प्र. युवा कांग्रेस के सचिव. 2008 से युवा कांग्रेस डिंडोरी के जिला अध्यक्ष. राहुल गांधी ब्रिगेड डिंडोरी के जिला अध्यक्ष. ब्लॉक अमरपुर के जिला प्रतिनिधि. 2007 के विधान सभा चुनाव में जिला सोनभद्र (उ.प्र.) के प्रभारी. 2007 में गांधी विचार दर्शन प्रशिक्षण वर्धा में प्राप्त किया. जन आंदोलनों का नेतृत्व. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. 2010 में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव. प्रभारी, उडीसा, झारखण्ड. 2012 में अध्यक्ष,जिला कांग्रेस कमेटी,डिण्डौरी.सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. विधान सभा की लोक लेखा समिति के सदस्य. 2015 में म.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री. 28 अगस्त, 2017 में शिक्षा की समानता आंदोलन प्रारंभ किया. 28 अगस्त,2018 को राष्ट्रीय नागरिक अधिकारी संगठक का गठन किया. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. दिनांक 29 दिसम्बर, 2018 से 20 मार्च, 2020 तक मंत्री, जनजातीय कार्य, विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ जनजाति कल्याण विभाग रहे.

सन् 2023 में चौथी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## मरावी, श्री जयसिंह
**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** जैतपुर (85)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री विश्वनाथ सिंह |
| **जन्म तिथि-** | 1 जनवरी,1952 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-पथरौड़ी, जिला-अनूपपुर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती मानकुंवर सिंह मरावी |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | हायर सेकेण्डरी |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | संगीत, फुटबाल, वॉलीबाल |
| **स्थायी पता-** | ग्राम पंचायत सरईकापा जिला-शहडोल (म.प्र.) 484110 मोबाइल-9425473284 ई-मेल-jaisingh.maravi@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नया पारिवारिक खण्ड-1, कमरा नं.7, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी. 1984 में ग्राम पंचायत के सदस्य एवं जनपद अध्यक्ष. विभिन्न आंदोलनों में जेल यात्रा. 1997 में भा.ज.पा. के जिला मंत्री. 1998 में ग्यारहवीं एवं 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. 1998 में भा.ज.पा. जनजाति मोर्चे के जिला अध्यक्ष. 2005 में भा.ज.पा. अनूपपुर के जिला अध्यक्ष. सन्

2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं राज्यमंत्री, वन, राजस्व रहे. सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रकोष्ठ. विधान सभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति के सभापति. प्रदेश कार्य समिति के सदस्य. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में छठवीं बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

## मल्होत्रा, श्री मुकेश

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** विजयपुर (2)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री छोटेलाल |
| **जन्म तिथि-** | 18 दिसम्बर,1981 |
| **जन्म स्थान-** | सिलपुरी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती अनीता |
| **संतान-** | 2 पुत्र, 3 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए., एल.एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | दिशाहीन समाज में जनजागृति उत्पन्न करना एवं समाज कार्य |
| **स्थायी पता-** | ग्राम व पोस्ट सिलपुरी, तहसील-कराहल, जिला-श्योपुर (म.प्र.) मोबाइल-7999196966 ई-मेल-mmkarahal@gmail.com mukesh.malhotra@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-2, कमरा नं. 40, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

वर्ष 2013 में राज्य स्तरीय सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा). वर्ष 2022 से 2024 तक ग्राम पंचायत सिलपुरी के सरपंच एवं सरपंच संघ कराहल के अध्यक्ष.

नवम्बर, 2024 के उप चुनाव में पहली बार सोलहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं सदस्य के रूप में दिनांक 18 दिसम्बर,2024 को शपथ ग्रहण की.



**मलैया, श्री जयंत**
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** दमोह (55)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री विजय कुमार मलैया |
| **जन्म तिथि-** | 20 फरवरी,1947 |
| **जन्म स्थान-** | सागर |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | डॉ. श्रीमती सुधा मलैया |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.कॉम., एल-एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | उद्यम |
| **अभिरुचि-** | अध्ययन, पर्यटन एवं सामाजिक कार्य |
| **स्थायी पता-** | विजय आइल मिल्स, मागंज वार्ड नं. 4,जिला-दमोह (म.प्र.) दूरभाष-(07812) 222457, 222542 मोबाइल-9425095557 ई-मेल-jayant.malaiya@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | ई-5/129, अरेरा कॉलोनी, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1980 से राजनीति में सक्रिय भा.ज.पा. जिला दमोह के दो बार अध्यक्ष. प्रदेश भा.ज.पा. कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य. सन् 1984 में सातवीं विधान सभा के उप चुनाव में तदनंतर 1990 में नौवी, 1993 में दसवीं एवं 1998 में ग्यारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. नौवीं विधान सभा अवधि में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आवास एवं पर्यावरण रहे. 1998 में सभापति लोक लेखा समिति रहे. अमेरिका, कनाडा, स्विटजरलैण्ड, आस्ट्रिया,

इंग्लैण्ड, फ्रांस, नेपाल, जर्मनी, हॉलैण्ड, इटली, सिंगापुर एवं बैंकाक की यात्रा. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास, पर्यटन तदनंतर नगरीय प्रशासन एवं विकास, आवास और पर्यावरण तथा वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार तथा आवास एवं पर्यावरण विभाग रहे. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं मंत्री, जल संसाधन, आवास और पर्यावरण (आवास को छोड़कर), वित्त, 20 सूत्रीय क्रियान्वयन, वाणिज्यिक कर रहे. सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित तदनंतर मंत्री, जल संसाधन, वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी रहे.

सन् 2023 में आठवीं बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



## मर्सकोले, श्री कमल
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** बरघाट (114)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री लक्ष्मण सिंह मर्सकोले |
| **जन्म तिथि-** | 11 मई,1976 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-माहुलझिर, पोस्ट-भोमा, तहसील व जिला-सिवनी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती भावना मर्सकोले |
| **संतान-** | 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ए. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | शोषित,पीडित, कमजोर वर्गों का सर्वांगीण विकास |
| **स्थायी पता-** | शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज के पीछे,शास्त्री वार्ड, जिला-सिवनी (म.प्र.)<br>मोबाइल-9424373540,6263137147<br>ई-मेल-kamalmarskole@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, नवीन पारिवारिक परिसर-ब, कमरा नं.-7, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1996 से 2000 तक अध्यक्ष, आदिवासी विकास परिषद छात्र संघ जिला-सिवनी. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय आदिवासी गोंडवाना गोंड महासभा. प्रदेश उपाध्यक्ष, गोंड समाज महासभा मध्यप्रदेश. जिला अध्यक्ष,

अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, जिला - सिवनी (म.प्र.). सन् 2000 से 2005 तक अध्यक्ष, जनपद पंचायत सिवनी. सन् 2001 से 2006 तक संचालक, भूमि विकास बैंक सिवनी. सन् 2004 से 2006 तक जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, जनजाति मोर्चा, जिला-सिवनी. सन् 2005 से 2008 तक सदस्य, जनपद पंचायत सिवनी. सन् 2006 से 2008 तक जिला महामंत्री,भारतीय जनता पार्टी, जिला-सिवनी.सन् 2008 में तेरहवीं तथा सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.




## मसूद, श्री आरिफ
**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** भोपाल मध्य (153)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री मंजूर अहमद |
| **जन्म तिथि-** | 12 सितम्बर,1972 |
| **जन्म स्थान-** | भोपाल |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती रूबीना मसूद |
| **संतान-** | 2 पुत्र, 2 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.कॉम, एल-एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | शिक्षण संस्थान, कंसल्टेंसी एवं कृषि |
| **अभिरुचि-** | खेलकूद |
| **स्थायी पता-** | म.नं. 16, नीम वाली सड़क, पुराना गल्ला बाजार, शाहजहांनाबाद, भोपाल (म.प्र.) दूरभाष (0755) 2535050 मोबाइल-9425005786 ई-मेल-arif.masood@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | ई-114/1, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सचिव, अमन एजुकेशन सोसाइटी. सदस्य ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड. सन् 2018 में पहली बार पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# मार्को, श्री फुन्देलाल सिंह

**इंडियन नेशनल कांग्रेस**

**निर्वाचन क्षेत्र-** पुष्पराजगढ़ (88)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | श्री बलदेव सिंह मार्को |
| **जन्म तिथि-** | 5 जून,1965 |
| **जन्म स्थान-** | किरगी |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती प्रेमवती सिंह मार्को |
| **संतान-** | 2 पुत्र |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए., एल-एल.बी. |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
| **अभिरुचि-** | खेल, संगीत, आदिवासी लोक नृत्य |
| **स्थायी पता-** | ग्राम-किरगी, पोस्ट व थाना - राजेन्द्र ग्राम, तह.-पुष्पराजगढ़, जिला-अनूपपुर (म.प्र.) दूरभाष-(07629) 268022, 268607 मोबाइल-9425898329, 7067354811 फ़ैक्स-(07629) 268655 ई-मेल-phundelal.singh@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | विधायक विश्राम गृह, खण्ड-2 , कमरा नं. 62-63 -64 , भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 1984-85 में शास. महाविद्यालय पुष्पराजगढ़ के छात्र संघ अध्यक्ष. सन् 1985-87 में युवक कांग्रेस कमेटी पुष्पराजगढ़ के उपाध्यक्ष. सन् 1987 से 1993 तक आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित विद्यालय में सहायक शिक्षक. सन् 1994-99 में जिला पंचायत शहडोल के निर्वाचित

सदस्य, वन समिति जिला पंचायत शहडोल के सभापति, कृषि समिति जिला पंचायत शहडोल एवं जिला योजना समिति शहडोल के सदस्य. सन् 2000 में जिला पंचायत शहडोल के पुन: सदस्य निर्वाचित एवं अध्यक्ष रहे. जिला पंचायत शहडोल की शिक्षा समिति के सदस्य. सन् 2000-2001 में ब्लाक कांग्रेस कमेटी पुष्पराजगढ़ के अध्यक्ष. सन् 2001-2004 में मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद जिला शहडोल के अध्यक्ष. सन् 2004 से निरंतर मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद जिला अनूपपुर के अध्यक्ष. सन् 2004-2008 में जिला पंचायत अनूपपुर के सदस्य. जिला योजना समिति अनूपपुर के सदस्य. जिला पंचायत अनूपपुर की कृषि, वन एवं उद्योग तथा व्यापार समिति के सदस्य. सन् 2007 से निरंतर जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के उपाध्यक्ष. सन् 2007-2010 में मनरेगा पुष्पराजगढ़ के ब्लाक प्रभारी. सन् 2005/2008 से निरंतर विधान सभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ कांग्रेस के संगठन प्रभारी. सन् 2010 से निरंतर बी.एस.एन.एल. सलाहकार समिति शहडोल के सदस्य. सन् 2012-2013 में मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद, भोपाल के महामंत्री. सन् 2013 में चौदहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. विधान सभा की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग के कल्याण संबंधी समिति, नियम समिति एवं पंचायती राज लेखा समिति के सदस्य. कार्यकारी अध्यक्ष मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद इंडियन नेशनल कांग्रेस के सदस्य. सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. सन् 2023 में माननीय अध्यक्ष मध्यप्रदेश विधान सभा द्वारा उत्कृष्ट विधायक सम्मान से सम्मानित. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण संबंधी समिति के सदस्य रहे.

सन् 2023 में तीसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

# मांडवे, सुश्री मीना सिंह

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** मानपुर (90)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री माधव सिंह मांडवे |
| **जन्म तिथि-** | 5 नवम्बर,1971 |
| **जन्म स्थान-** | ग्राम-बेलसरा, जिला-उमरिया |
| **वैवाहिक स्थिति-** | अविवाहित |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए. (राजनीति शास्त्र) |
| **अभिरुचि-** | भजन सुनना, अध्ययन |
| **स्थायी पता-** | पुलिस कंट्रोल रूम के पास, उमरिया, जिला-उमरिया (म.प्र.) दूरभाष-(07655) 280028 मोबाइल-9425011172,8839367845 ई-मेल meena.singh@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | बी-27, 74 बंगले, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

छात्र जीवन से सार्वजनिक कार्यों में रूचि. वापा वनवासी सेवा मंडल एवं हाई स्कूल मंडला की कार्यकारिणी की सदस्य. 1992 में कस्तूरबा रूरल इंस्टीट्यूट कन्या महाविद्यालय, इन्दौर की क्रीड़ा सचिव तथा 1992-94 में एथलैटिक टीम में इन्दौर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व. मई, 1994 में जनपद सदस्य निर्वाचित. बांधवगढ़ परियोजना सलाहकार मंडल की अध्यक्ष. अक्टूबर, 1996 के उप चुनाव में दसवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित एवं सदस्य के रूप में दिनांक 26 नवम्बर, 1996 को शपथ ग्रहण की. पुस्तकालय समिति की सदस्य रहीं. भा.ज.पा. प्रदेश कार्य समिति, राष्ट्रीय युवा मोर्चा कार्यकारिणी एवं मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की

सदस्य. 1997 में क्यूबा में आयोजित विश्व युवा सम्मेलन में भाग लिया. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित एवं राज्य मंत्री, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण (अ.जा. कल्याण को छोड़कर), महिला एवं बाल विकास, पंचायत और ग्रामीण विकास, नर्मदा घाटी विकास रहीं. सन् 2008 में तेरहवीं, सन् 2013 में चौदहवीं तथा सन् 2018 में पन्द्रहवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित. दिनांक 21 अप्रैल, 2020 को मंत्री पद की शपथ एवं मंत्री आदिम जाति कल्याण तदनंतर मंत्री, आदिम जाति कल्याण एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग रहीं.

सन् 2023 में छठवीं बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

**मारू, श्री अनिरुध्द (माधव)**
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** मनासा (228)



| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री रामेश्वर मारू |
| **जन्म तिथि-** | 27 दिसम्बर,1961 |
| **जन्म स्थान-** | मनासा |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी-** | श्रीमती निर्मला मारू |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | बी.ई. (मेकेनिकल) |
| **व्यवसाय-** | ऑटोमोबाईल, कृषि |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा |
| **स्थायी पता-** | मारू मोटर्स, डाक बंगले के सामने, नीमच कोटा रोड, मनासा, जिला-नीमच (म.प्र.) 458110 मोबाइल-7999380421, 9425106222 ई-मेल- anirudha.maroo@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | ई-117/15, शिवाजी नगर भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

सन् 2005-2015 में जिला पंचायत सदस्य नीमच. 2010-2015 में उपाध्यक्ष जिला पंचायत. 2008 से माहेश्वरी समाज ट्रस्ट में ट्रस्टी. 2017 से अखिल भारतीय महासभा के सदस्य. गोर्वधन गौशाला ट्रस्ट मनासा में ट्रस्टी. राष्ट्रीय माहेश्वरी समाज शिशु मंदिर में समिति सदस्य. सन् 2018 में पहली बार पन्द्रहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित.

सन् 2023 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.



# मालवीय, डॉ. चिंतामणि

**भारतीय जनता पार्टी**

**निर्वाचन क्षेत्र-** आलोट (223)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री जमुनालाल मालवीय |
| **जन्म तिथि-** | 8 जनवरी, 1969 |
| **जन्म स्थान-** | उज्जैन |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती रश्मी मालवीय |
| **संतान-** | 3 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए. (इंग्लिश लिटरेचर/दर्शन शास्त्र), एम.फिल, पी.एच.डी. |
| **व्यवसाय-** | कृषि एवं व्यापार |
| **अभिरुचि-** | समाजसेवा, अध्ययन एवं लेखन |
| **स्थायी पता-** | ई-4, विक्रमविश्वविद्यालय परिसर, कोठी रोड, जिला-उज्जैन (म.प्र.) मो.-9425091553 ई-मेल chintamani.m@mpvidhansabha.nic.in |
| **स्थानीय पता-** | डी.एन.-2/17, चार इमली, भोपाल (म.प्र.) |

**सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-**

विभागाध्यक्ष, दर्शन शास्त्र,विक्रम विश्वविद्यालय. फाउंडर मेंबर बुद्धिप्रमाण्यवादी मंच. सन् 2000 से 2005 तक युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य. सन् 2010 से 2020 तक भा.ज.पा. प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य. सन् 2014 से 2019 तक उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र से लोक सभा के सदस्य रहे. संसदीय हिन्दी समिति के सदस्य. मानव संसाधन विकास समिति के सदस्य. सभापति, स्टील एवं कोल समिति. सन् 2020 से वर्तमान तक प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा.

सन् 2023 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.




## मालवीय, श्री सतीश
**भारतीय जनता पार्टी**
**निर्वाचन क्षेत्र-** घट्टिया (215)

| | |
|---|---|
| **पिता का नाम-** | स्व. श्री नागुलाल मालवीय |
| **जन्म तिथि-** | 27 जुलाई,1982 |
| **जन्म स्थान-** | उज्जैन |
| **वैवाहिक स्थिति-** | विवाहित |
| **पत्नी -** | श्रीमती अंजना मालवीय |
| **संतान-** | 1 पुत्र, 1 पुत्री |
| **शैक्षणिक योग्यता-** | एम.ए. (पूर्वार्ध) |
| **व्यवसाय-** | कृषि |
